हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा बधाई...

दैनिक प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 185 | रायपुर, गुरूवार, 24 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

## यूके की यात्रा पर रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा भारत–ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने पर केंद्रित है, जिसकी झलक तीन साल की बातचीत के बाद भारत–ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर से मिलती है। यह FTA ब्रिटेन को होने वाले 99% भारतीय निर्यात पर टैरिफ़ हटा देगा और 90न्न ब्रिटिश उत्पादों पर टैरिफ़ कम करेगा, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर से दोगुना करना है। इससे भारत को व्हिस्की और कारों का ब्रिटिश निर्यात भी आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को यूनाइटेड किंगडम और मालदीव की दो देशों की यात्रा पर रवाना हुए। प्रधानमंत्री 23 से 24 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम की यात्रा पर रहेंगे। इसके बाद, वे 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा भारत–ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने पर केंद्रित है, जिसकी झलक तीन साल की बातचीत के बाद भारत–ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर से मिलती है। यह FTA ब्रिटेन को होने वाले 99% भारतीय निर्यात पर टैरिफ़ हटा देगा और 90% ब्रिटिश उत्पादों पर टैरिफ़ कम करेगा, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर से दोगुना करना है। इससे भारत को व्हिस्की और कारों का ब्रिटिश निर्यात भी आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ व्यापार, रक्षा, जलवायु, नवाचार और शिक्षा जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा करेंगे और राजा चार्ल्स तृतीय से भी मिलेंगे। दोनों देश रक्षा और सुरक्षा सहयोग, जिसमें सैन्य आदान–प्रदान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा सेमीकंडक्टर पर सहयोग शामिल है, पर चर्चा करेंगे।

### भारत-चीन सीमा मसलों पर WMCC की बैठक

# सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति-सौहार्द की सामान्य स्थिति पर हुई चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत–चीन सीमा मामलों पर बातचीत और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 34वीं बैठक बुधवार को हुई। 23 जुलाई नई दिल्ली में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने भारत–चीन सीमा क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की सामान्य स्थिति पर संतोष जताया। बैठक में इस बात पर भी संतोष जताया गया कि सीमा पर शांति से द्विपक्षीय संबंध धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं।



डब्ल्यूएमसीसी की अहम बैठक में दोनों पक्ष स्थापित तंत्रों के माध्यम से राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सीमा मामलों से संबंधित मुद्दों पर नियमित आदान–प्रदान और संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। प्रभावी सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाने और शांति, सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों पक्षों ने विशेष प्रतिनिधि वार्ता के पिछले (23वें) दौर और डब्ल्यूएमसीसी की 33वीं बैठक के दौरान सुझाए गए उपायों पर विचार–विमर्श किया।

### चीनी प्रतिनिधिमंडल के नेता ने विदेश सचिव से मुलाकात की

डब्ल्यूएमसीसी की बैठक में दोनों पक्षों ने इस साल के अंत में भारत में होने वाली भारत–चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के अगले दौर की भी तैयारी की। चीनी प्रतिनिधिमंडल के नेता ने विदेश सचिव से मुलाकात भी की।

## 25वीं बार ट्रम्प का दावा - भारत पाक में सीजफायर करवाया

### दोनों के बीच संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

### राहुल बोले - 'पीएम चुप, दाल में जरूर कुछ काला है'

एजेंसी, नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत–पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प के इस बयान के बाद संसद में मानसून सत्र में हिस्सा लेकर बाहर निकले राहुल गांधी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्र सरकार से सवाल पूछे। राहुल ने कहा– सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं।

राहुल ने कहा कि, ट्रम्प ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होतें है बोलने वाला, ये उनका काम थोड़ी है। लेकिन पीएम ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है।

उन्होंने संसद में चर्चा से जुड़े सवाल पर कहा, ये सिर्फ सीजफायर की बात नहीं है, बहुत बड़े प्रॉब्लम्स हैं, जिन पर हम चर्चा करना चाहते हैं, डिफेंस के प्रॉब्लम्स हैं, डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़े प्रॉब्लम्स हैं, ऑपरेशन सिंदूर के प्रॉब्लम्स हैं, हालात अच्छे नहीं है। पूरा देश जानता है, जो अपने आप को देश भक्त कहते हैं, वो भाग गएज प्रधानमंत्री एक बयान नहीं दे पा रहे हैं।

बता दें कि, ट्रम्प ने अपने बयान में दावा करते हुए कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत–पाकिस्तान के बीच 10 जून को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।

दूसरी बार कहा– भारत–पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।

## बृजमोहन ने लोकसभा में पेश किया जलवायु अनुकूलनशील कृषि पर प्राक्कलन समिति का प्रतिवेदन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज लोकसभा में प्राक्कलन समिति (2024–25) का छठा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। यह प्रतिवेदन कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से जलवायु अनुकूलनशील कृषि, प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा卐 विषय पर केंद्रित है। अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवेदन में कृषि क्षेत्र में नवाचार,



स्थायित्व और किसानों की आयवृद्धि को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई हैं। प्रमुख बिंदुओं में कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर चिंता, जैविक कीटनाशकों के व्यापक उपयोग की आवश्यकता, और 1968 के कीटनाशक अधिनियम के तहत प्रवर्तन को सशक्त बनाने की सिफारिशें शामिल हैं।

## गुजरात एटीएस ने अलकायदा के 4 आतंकिया को किया गिरफ्तार

एजेंसी, गुजरात

गुजरात एटीएस ने अलकायदा के 4 आतंकियों को दिल्ली, यूपी और गुजरात के अरवल्ली से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गुजरात में 2, दिल्ली में 1 और नोएडा में 1 आंतकी पकड़ा गया है। एटीएस ने बताया कि चारों आतंकी सोशल मीडिया के जरिए लोगों को ग्रुप में जोड़ने का काम करते थे।

गिरफ्तार किया गये सभी आतंकियों की उम्र 20 से 25 साल बताई जा रही है। सभी आरोपी एक दूसरे से सोशल मीडिया से कनेक्ट होते थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सभी आतंकी अलकायदा से जुड़े हुए हैं।




गुजरात एटीएस को एक सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग अलकायदा के चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही यह भी जानकारी एटीएस को मिली कि ये संदिग्ध युवाओं को बहला–फुसला कर और लालच देकर अपने साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं।

### 5 डिसमिल से कम की कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने पांच डिसमिल से कम की कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर लगाई रोक, पत्र जारी रायपुर 23 जुलाई (हि.स.)। छत्तीसगढ़ सरकार ने 5 डिसमिल से कम आकार के कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। इस सिलसिले में महानिरीक्षक (पंजीयन) ने सभी जिला पंजीयकों को पत्र लिखा हैं। पिछले दिनों विधानसभा में संशोधन विधेयक होने के बाद राजपत्र में प्रकाशन की प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले ही रजिस्ट्री न करने के लिए आदेश दे दिया गया है।

## पी. चिदंबरम का दावा- 'धनखड़ ने अपनी सीमा लांघी, सरकार का विश्वास खोया',

एजेंसी, नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने कार्यकाल के दौरान काफी चर्चा में रहे थे और उनका इस्तीफा भी सुर्खियों में रहा. कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने धनखड़ को लेकर बड़ा दावा किया है. उन्होंने इंडिया टुडे से बात करते हुए कहा कि धनखड़ के रिश्ते सरकार के साथ खराब हो गए थे. उन्होंने कहा, जगदीप धनखड़ को इसलिए इस्तीफा देना पड़ा, क्यों कि उन्होंने अपनी सीमा पार कर ली थी.

चिदंबरम ने जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले का जिक्र किया. उन्होंने कहा, जगदीप धनखड़ ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ प्रस्ताव स्वीकार करके सरकार का विरोध किया था. जब धनखड़ ने सरकार का भरोसा खो दिया तो उन्हें जाना पड़ गया. चिदंबरम ने कहा कि धनखड़ और सरकार के रास्ते अलग हो गए हैं, वे दोनों एकमत नहीं हैं।

### धनखड़ का नहीं हुआ विदाई समारोह तो क्या बोले चिदंबरम

कांग्रेस नेता चिदंबरम ने कहा कि सरकार और धनखड़ के बीच कोई आपसी सम्मान नहीं बचा है. उन्होंने कहा कि धनखड़ ने जिस तरह



से इस्तीफे को लेकर औपचारिक घोषणा की, वह इसी बात का सबूत है. चिदंबरम ने कहा, उपसभापति ने राज्यसभा में उपराष्ट्रपति का पद खाली होने को लेकर संक्षिप्त जानकारी दी और यह भी कहा कि कार्यक्रम का ऐलान बाद में होगा. इसका साफ मतलब है कि सरकार ने शांति से जगदीप धनखड़ को अलविदा कहा है. इन दोनों का विश्वास पूरी तरह टूट गया है।

दरअसल सोमवार (21 जुलाई) से संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत हुई. सत्र की शुरुआत में ही जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया. मंगलवार (22 जुलाई) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस्तीफा मंजूर कर लिया. इससे पहले एक बड़ा घटनाक्रम हुआ. धनखड़ ने सोमवार को 4.30 बजे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक बुलाई थी।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का डीकेएस अस्पताल में सुबह 7 बजे औचक निरीक्षण





रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार की सुबह 7 बजे राजधानी रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में भर्ती बच्चों और महिला मरीजों से आत्मीयता से बात कर उनके हालचाल जाने और इलाज संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान श्री जायसवाल ने अस्पताल परिसर की साफ–सफाई, दवा वितरण, चिकित्सकीय जांच, ऑपरेशन थियेटर, वार्ड व्यवस्था जैसी सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों से संवाद कर मरीजों की देखभाल में और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मचारियों को मरीजों के हित में समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।

## एआई एक अच्छा सेवक हो सकता है, लेकिन बुरा स्वामी भी

## राजकुमार कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला में पढ़ाया डिजिटल सतर्कता का

जतिन नचरानी

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

राजकुमार कॉलेज, रायपुर में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए एक प्रभावशाली साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रसिद्ध साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने छात्रों, शिक्षकों, प्राचार्य, उप–प्राचार्य और हेड मिस्ट्रेस को डिजिटल दुनिया की चुनौतियों से अवगत कराया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के प्रति जागरूक करना था।


डॉ. टंडन ने डिजिटल डाइट, डिजिटल हाइजीन और डिजिटल क्वोशंट की अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोशल मीडिया के संयमित उपयोग और स्क्रीन टाइम प्रबंधन पर जोर देते हुए



गेमिंग व मीडिया की लत के खतरों को वास्तविक घटनाओं और समाचार कतरनों के माध्यम से समझाया। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह इंटरनेट उपयोग से साइबर अपराधों का जोखिम बढ़ता है। डॉ. टंडन ने कहा, एआई एक अच्छा सेवक हो सकता है, लेकिन बुरा स्वामी भी। उन्होंने छात्रों को उनकी डिजिटल आदतों पर चिंतन करने और सतर्क रहने को प्रेरित किया।

### अनजान लिंकों पर क्लिक न करें

कार्यशाला में साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय साझा किए गए। डॉ. टंडन ने अनजान लिंकों पर क्लिक न



करने, मोबाइल सेटिंग में माइक्रोफोन बंद रखने और व्हाट्सएप के लिए टू–स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय करने की सलाह दी। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल भारत सरकार के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की सिफारिश की। यह सत्र छात्रों के लिए समयानुकूल मार्गदर्शन साबित हुआ, जो डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार के लिए आवश्यक है।

**सतर्कता ही सबसे बड़ी ढाल**

कार्यशाला के समापन में डॉ. टंडन ने स्पष्ट संदेश दिया कि डिजिटल दुनिया में सतर्कता ही सबसे बड़ी ढाल है। उन्होंने छात्रों से हर डिजिटल कदम सोच–समझकर उठाने और सावधानी बरतने की अपील की। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि शिक्षकों को भी डिजिटल युग में बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। राजकुमार कॉलेज का यह प्रयास डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अवैध रेत खनन पर चला प्रशासन का बुलडोज़र, 31 ट्रैक्टर जब्त

गरियाबंद (प्रतिदिन राजधानी)

जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ गरियाबंद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक के बाद एक कार्रवाई कर खनन माफियाओं की कमर तोड़ दी है। कलेक्टर बीएस उइके के मार्गदर्शन में गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति ने विगत पांच दिनों में कुल 31 ट्रैक्टर अवैध रेत के साथ जब्त किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवभोग क्षेत्र से 18 ट्रैक्टर, गरियाबंद क्षेत्र से 7 ट्रैक्टर, पांडुका क्षेत्र से 6 ट्रैक्टर जब्त किया है।

अवैध रेत खनन पर पहले की कार्रवाई में जब्त 6 जेसीबी चेन मशीनें, दो महीने से पांडुका और फिंगेश्वर थानों में खड़ी। प्रशासन की सख्ती का असर, थानों में अब भी सबूत बनी खड़ी हैं जब्त जेसीबी मशीनें। अवैध खनिज रेत के उत्खनन और परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त किया गया है। सभी मामलों में नियमानुसार जुर्माना व सजा की प्रक्रिया प्रचलन में है।



### प्रशासन का स्पष्ट संदेश:

कलेक्टर बीएस उइके ने साफ कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध रेत उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दिशा में विशेष निगरानी दलों को भी सक्रिय किया गया है, जो सतत रूप से नदी तटों, घाटों और परिवहन मार्गों की जांच कर रहे हैं।

### खनिज विभाग, राजस्व व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई:

इस कार्रवाई में खनिज विभाग, राजस्व अमला और पुलिस का संयुक्त प्रयास देखने को मिला। लगातार पेट्रोलिंग, सतर्कता और खुफिया सूचनाओं के आधार पर इन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया।

### कलेक्टर की चेतावनी:

जिला प्रशासन ने सभी अवैध खननकर्ताओं को चेतावनी दी है कि अगली बार सिर्फ जब्ती नहीं, बल्कि न्यायालयीन कार्रवाई और जुर्माने की कठोर सजा भी दी जाएगी।

# हरियाली अमावस्या आज

## हरियाली अमावस्या पर पिंडदान होता है शुभ

आज हरियाली अमावस्या है, सावन माह की अमावस्या तिथि को हरियाली अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। हरियाली अमावस्या को बहुत ही शुभ माना जाता है। प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में पड़ने वाली अमावस्या तिथि को हरियाली अमावस्या या श्रावणी अमावस्या कहा जाता है। धार्मिक शास्त्रों में सावन माह की अमावस्या तिथि को विशेष तिथि के रूप में देखा जाता है। सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है। ऐसे में श्रावण माह की अमावस्या को भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।शास्त्रों में इस अमावस्या पर पूजा-पाठ, स्नान-दान करना उत्तम माना गया है। साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हरियाली अमावस्या का बहुत महत्व है। इस दिन अपने पूर्वजों की याद में पौधे लगाना शुभ रहता है। वहीं हरियाली अमावस्या पर कुछ विशेष वृक्षों की पूजा करने से ग्रह दोष भी दूर होते हैं। सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान करके पितरों को पिंडदान, श्राद्ध कर्म करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा हरियाली अमावस्या पर्व जीवन में पर्यावरण के महत्व को भी बताता है। इस दिन नए पौधे लगाए जाते हैं। मान्यता है कि श्रावणी अमावस्या के दिन वृक्षारोपण करने से जीवन के सारे कष्ट दोष दूर हो जाते हैं और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसके अलावा ये तिथि किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है।



### हरियाली अमावस्या से जुड़ी पौराणिक कथा

शास्त्रों के अनुसार बहुत समय पहले एक राजा प्रतापी राजा था। उनका एक बेटा और एक बहू थे। एक दिन बहू ने चोरी से मिठाई खा लिया और नाम चूहे का लगा दिया। जिसकी वजह से चूहे को बहुत गुस्सा आ गया। उसने मन ही मन निश्चय किया कि चोर को राजा के सामने लेकर आऊंगा। एक दिन राजा के यहां कुछ मेहमान आयें हुए थे। सभी मेहमान राजा के कमरे में सोये हुए थे। बदले की आग में जल रहे चूहे ने रानी की साड़ी ले जाकर उस कमरे में रख दिया। जब सुबह मेहमान की आंखें खुली और उन्होंने रानी का कपड़ा देखा तो हैरान रह गए। जब राजा को इस बात का पता चला तो उन्होंने अपनी बहू को महल से निकाल दिया। रानी रोज शाम में दिया जलाती और ज्वार उगाने का काम करती थी। रोज पूजा करती गुडधानी का प्रसाद बांटती थी। एक दिन राजा उस रास्ते से निकल रहे थे तो उनकी नजर उन दीयों पर पड़ी। राजमहल लौटकर राजा ने सैनिकों को जंगल भेजा और कहा कि देखकर आओ वहां क्या चमत्कारी चीज थी। सैनिक जंगल में उस पीपल के पेड़ के नीचे गए। उन्होंने वहां देखा कि दीये आपस में बात कर रही थी। सभी अपनी-अपनी कहानी बता रही थीं। तभी एक शांत से दीये से सभी ने सवाल किया कि तुम भी अपनी कहानी बताओ। दीये ने बताया वह रानी का दीया है। उसने आगे बताया कि रानी की मिठाई चोरी की वजह से चूहे ने रानी की साड़ी मेहमानों के कमरें में रखा था और बेकसूर रानू को सजा मिल गई। सैनिकों ने जंगल की सारी बात राजा को बताई। जिसके बाद राजा ने रानी को वापस महल बुलवा लिया। जिसके बाद रानी खुशी-खुशी राजमहल में रहने लगी।

### हरियाली अमावस्या पर ऐसे करें पूजा

पंडितों के अनुसार महिलाओं को सुबह उठकर पूरे विधि विधान से माता पार्वती एवं भगवान शंकर की पूजा करनी चाहिए तथा सुहागन महिलाओं को सिंदूर सहित माता पार्वती की पूजा करना चाहिए और सुहाग सामग्री बांटना चाहिए। ऐसा मानना है कि हरी चूड़िया, सिंदूर, बिंदी बांटने से सुहाग की आयु लंबी होती है और साथ ही घर में खुशहाली आती है। अच्छे भाग्य के उद्देश्य से लड़के भी चूड़ियां, मिठाई आदि सुहागन स्त्रियों को भेट कर सकते हैं। लेकिन यह कार्य दोपहर से पहले कर लेना चाहिए। हरियाली अमावस्या के दिन भक्तों को पीपल और तुलसी के पेड़ की पूजा करना चाहिए। इस दिन पीपल के वृक्ष की पूजा एवं फेरे किये जाते है तथा मालपुए का भोग बनाकर चढाये जाने की परंपरा है। धार्मिक ग्रंथों में पर्वत और पेड़-पौधों में भी ईश्वर का वास बताया गया है। पीपल में त्रिदेवों का वास माना गया है। आंवले के पेड़ में स्वयं भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का वास माना जाता है। इस दिन कई लोग उपवास भी रखते हैं। इसके बाद शाम को भोजन ग्रहण कर व्रत तोड़ा जाता है। मान्यता है कि जो लोग श्रावण मास की अमावस्या को व्रत करते हैं, उन्हें धन और वैभव की प्राप्ति होती है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नासन के बाद ब्राह्मणों, गरीबों को यथाशक्ति दान-दक्षिणा करनी चाहिए।

### हरियाली अमावस्या का महत्व

सावन के महीने में कृष्ण पक्ष की शिवरात्रि के अगले दिन हरियाली अमावस्या होती है। इस दिन पेड़-पौधों की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दिन पीपल और तुलसी के पौधे की पूजन का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पीपल के पेड़ में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। इस दिन पौधे लगाने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

### पीपल और तुलसी पूजन का महत्व

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस दिन वृक्ष पूजा की प्रथा अनुसार पीपल और तुलसी के पेड़ की पूजा की जाएगी। वृक्षों में देवताओं का वास माना जाता है। इस दिन पितृ तर्पण भी किया जाता है। इससे पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है।

### हरियाली अमावस्या के बारे में

वैसे तो हरियाली अमावस्या हरियाली तीज से तीन दिन पहले आती है। इस दिन पेड़-पौधे लगाने का विशेष महत्व है। इस दिन पूर्वजों के निमित्त पिंडदान एवं दान-पुण्य के कार्य किए जाते हैं। हरियाली अमावस्या के दिन किसी पवित्र नदी में स्नान करके पितरों को पिंडदान, श्राद्ध कर्म करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। हरियाली अमावस्या सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन मनाई जाती है। इस वर्ष हरियाली अमावस्या पर चार शुभ संयोग बनने से इस बार श्रावण अमावस्या विशेष शुभ मानी जा रही है। हरियाली अमावस्या का इंतजार साल भर रहता है क्योंकि यह पौधे लगाने का सबसे अच्छा समय माना जाता है।

## हरियाली अमावस्या पर न करें ये गलतियां, वरना नहीं मिलेगा पूरा फल



हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह की कृष्ण पक्ष की 15वीं तिथि को अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण करने व स्नान-दान करने से व्यक्ति को विशेष फलों की प्राप्ति हो सकती है। सावन में आने वाली हरियाली अमावस्या का भी विशेष महत्व माना गया है। इस तिथि पर आपको कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, ताकि महादेव की कृपा आपके ऊपर बनी रहे।

### हरियाली अमावस्या मुहूर्त

सावन माह की अमावस्या तिथि 24 जुलाई को देर रात 2 बजकर 28 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन 25 जुलाई को रात 12 बजकर 40 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि को देखते हुए सावन की हरियाली अमावस्या गुरुवार, 24 जुलाई को मनाई जाएगी।

### न करें इन चीजों का सेवन

अमावस्या के दिन खानपान के संबंधित नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। इस दिन मांस-मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही इस दिन लहसुन-प्याज के सेवन से भी परहेज करें और सात्विक भोजन करें। इस बातों का ध्यान रखने से आपको शुभ परिणाम मिल सकते हैं।

### इन कामों से रहें दूर

हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या के दिन बाल, नाखून आदि काटने या फिर बाल धोने आदि से भी बचना चाहिए। ऐसा करने से आपके कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकत है। साथ ही इस तिथि पर मुंडन और गृह प्रवेश आदि जैसे शुभ कार्य भी नहीं करने चाहिए, वरना आपको इसके शुभ परिणाम नहीं मिलते।

## सावन हरियाली अमावस्या पर जरूर करें ये उपाय

**हरियाली अमावस्या श्रावण अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। हरियाली अमावस्या के दिन किसी पवित्र नदी में स्नान करके पितरों को पिंडदान, श्राद्ध कर्म करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा हरियाली अमावस्या का पर्व जीवन में पर्यावरण के महत्व को भी बताता है। इस दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हर अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ की जड़ को दूध और जल से सींचते हैं तो देवताओं और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। लेकिन हरियाली अमावस्या अपने महत्व के कारण अन्य अमावस्या से अलग है। सावन मास का समय एक ऐसा मौसम का बदलाव दिखाता है जिसमें प्रकृति की एक अलग ही छटा दिखाई देती है। इसी दौरान पर बरसात की भी अधिकता बहुत रहती है। ऐसे में इस समय के दौरान जो भी पर्व और व्रत इत्यादि आते हैं उनका इस समय के अनुरुप ही नाम और प्रभाव भी दिखाई देता है।**

### सावन हरियाली अमावस्या पर मेलों का आयोजन

श्रावण हरियाली अमावस्या के अवसर देश भर में अनेक मेलों का आयोजन होता है। मुख्य रुप से धार्मिक स्थलों पर तो ये मेले विशेष रुप से लगाए जाते हैं। जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। एक-दूसरे को गुड़ इत्यादि को बांटा जाता है। इन मेल में धार्मिक पर्व का भी आयोजन होता है जैसे की हवन- अनुष्ठा, यज्ञों का आयोजन होता है। पवित्र नदियों पर स्नान की भी प्राचीन परंपरा भी धार्मिक मेलों में संपन्न होती है। इस दिन अपने हल और कृषि यंत्रों का पूजन करने का रिवाज है। अमावस्या को पूर्वजों के लिए बेहद शुभ दिन माना जाता है। इस दिन पतिृ तर्पण कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। लोग अपने पूर्वजों के लिए पसंद का खाना बनाकर उसे ब्राह्मणों को खिलाते हैं। अलाव इस भोजन को गाय, कौवा को भी खिलाया जाता है।



### सावन हरियाली अमावस्या उपाय

- सावन की अमावस्या के दिन पीपल के वृक्ष के सामने तेल का दीपक जलाना चाहिए।
- पीपल के वृक्षकी सात बार परिक्रमा करते हुए सूत लपेटना चाहिए।
- पीपल के अलावा बरगद, केला, तुलसी, शमी आदि वृक्षों का पूजन करना चाहिए।
- पीपल के पेड़ पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों का वास होता है। इसका पूजन करने से ग्रह शांति होती है।
- आंवले के वृक्ष पर भगवान लक्ष्मीनारायण का वास होने से इस दिन पूजा करने से आरोग्य की प्राप्ति होती है।
- मालपुए का भोग बनाकर शिव्लिंग पर चढाने से सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।
- तुलसी के पास दीपक जलाने से वैवाहिक सुख की प्राप्ति होती है।
- सावन की अमावस्या पर भगवान शिव को काले तिल चढ़ाने से दुख दूर होते हैं।
- चीटियों को आटा और चीनी खिलाने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है।
- शिवलिंग पर चंदन का लेप लगाने से सौंदर्य मिलता है।
- शिवलिंग अभिषेक से संतान सुख मिलता है।

### शांति और समृद्धि

सावन माह में पड़ने वाली इस हरियाली अमावस्या पर विशेष तरह का भोजन भी बनाया जाता है, जो कि ब्राम्हणों को खिलाया जाता है। खास बात यह है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा भी की पूजा की जाती है। हरियाली अमावस के दिन भगवान शिव की विशेष रूप से पूजा की जाती है। मान्यता है कि श्रावण अमावस्या के दिन शिव भगवान की पूजा करने से घर में सुख और शांति के साथ समृद्धि भी आती है।

## वृक्षों के माध्यम से देवी-देवताओं की पूजा और प्रकृति सेवा का पर्व हरियाली अमावस्या

हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहा जाता है। यह दिन प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, हरियाली के संवर्धन और पर्यावरण की रक्षा के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से इस दिन पौधे लगाना न केवल पुण्यदायी कार्य है, बल्कि यह धरती माता की सेवा के समान माना गया है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि वृक्षाणां रोपणं पुण्यं सर्वपापप्रणाशनम्,अर्थात वृक्षारोपण से समस्त पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। हरियाली अमावस्या का पर्व मुख्य रूप से प्रकृति पूजन का प्रतीक है। हरियाली अमावस्या केवल प्रकृति पूजन नहीं, बल्कि उन वृक्षों के माध्यम से देवी-देवताओं का पूजन है, जिनमें दिव्य शक्तियों का वास माना गया है। पौराणिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन गोवर्धन पर्वत की तलहटी में वृक्षारोपण किया था, जिससे ब्रज भूमि में हरियाली फैली। साथ ही यह दिन शिव-पार्वती की उपासना और ऋषियों की वन परंपरा को सम्मान देने का भी अवसर होता है। ग्रंथों में उल्लेख है कि श्रावण मास में लगाए गए वृक्ष दीर्घायु होते हैं और उनके फल पीढ़ियों तक लाभ देते हैं। यही कारण है




कि इस दिन लोग पीपल, बरगद, नीम, आंवला, तुलसी आदि पवित्र वृक्ष लगाते हैं। शास्त्रों में कई ऐसे वृक्षों का उल्लेख मिलता है जो न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय हैं, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाते हैं।

### पीपल

पीपल को अत्यंत पवित्र वृक्ष माना गया है। यह दिन-रात ऑक्सीजन छोड़ता है और वायु को शुद्ध करता है। इसके नीचे ध्यान करने से मानसिक शांति प्राप्त होती है। शास्त्रों में वर्णित है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों का वास इस वृक्ष में होता है।

### बरगद

बरगद को अक्षय वट कहा जाता है। यह वृक्ष लंबी उम्र का प्रतीक है और इसकी छाया अत्यंत शीतल होती है। इसकी जटाएं और चौड़ी शाखाएं जैव विविधता को सहारा देती हैं। वट सावित्री व्रत में इस वृक्ष की विशेष पूजा होती है।

### नीम

नीम को 'आरोग्य वृक्ष' कहा गया है। इसकी पत्तियों, फल और छाल में औषधीय गुण होते हैं। नीम वायुमंडल को कीटाणु मुक्त बनाता है और वातावरण में स्वच्छता बनाए रखता है।

### आंवला

आंवला का वृक्ष विशेषकर आयुर्वेद में पूजनीय है। इसे देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। इसकी छाया ठंडी होती है और यह मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में सहायक होता है। आंवला नवमी जैसे व्रत में इसकी पूजा की जाती है।

### तुलसी

तुलसी को भगवान विष्णु की प्रिय मानी गई है। यह घरों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। तुलसी का पौधा वायु को शुद्ध करता है और इसकी पत्तियां औषधीय होती हैं। विष्णुपूजन में तुलसी का प्रयोग अनिवार्य होता है। हरियाली अमावस्या पर इन पवित्र वृक्षों को लगाना धर्म और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। शास्त्रों के अनुसार, वृक्षों की सेवा करने से समस्त तीर्थों के दर्शन का फल प्राप्त होता है और यह जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का कारण बनते हैं।

## शुभ कामों के लिए क्यों खास है हरियाली अमावस्या का यह दिन?

**हरियाली अमावस्या सिर्फ पूजा-पाठ का दिन नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प का दिन है - प्रकृति की रक्षा का, पितृ ऋण चुकाने का और शिवभक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने का। जो भी साधक इस दिन निष्ठा से नियमपूर्वक व्रत, पूजन और तर्पण करता है, उसे समस्त जीवन में सफलता और मानसिक शांति प्राप्त होती है। हरियाली अमावस्या 2025 का यह पर्व केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी दिन है। जब सावन की हरियाली चारों ओर फैली होती है, तब यह दिन हमें प्रकृति से जुड़ने और अपने जीवन को संतुलन में रखने की प्रेरणा देता है। इस दिन को पूजा, व्रत, दान और सेवा से सार्थक बनाएं।**

### आज कर सकते हैं ये शुभ काम

सुबह स्नान के बाद सूर्य देव को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं। ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें। सूर्य को जल चढ़ाने के लिए तांबे के लोटे का उपयोग करना चाहिए। सावन महीने की अमावस्या शिव भक्तों के लिए बहुत खास होती है। इस तिथि पर गणेश पूजा के बाद शिव जी का रुद्राभिषेक करना चाहिए। रुद्राभिषेक नहीं कर पा रहे हैं तो शिवलिंग पर जल-दूध चढ़ाएं। किसी मंदिर में या किसी पार्क में शमी, पीपल, नीम, बरगद, आम जैसे छायादार वृक्ष के पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करने का संकल्प लें। भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का अभिषेक करें। दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरें और उससे भगवान का अभिषेक करें। नए लाल-पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। घर में विराजित बाल गोपाल का अभिषेक दक्षिणावर्ती शंख से करें। शंख केसर मिश्रित दूध भरें और बाल गोपाल को चढ़ाएं। इसके तुलसी मिश्रित जल अर्पित करें। भगवान का हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। माखन-मिश्री का भोग तुलसी के साथ लगाएं। धूप-दीप जलाएं। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें।

### भगवान शिव की पूजा

हरियाली अमावस्या पर शिववास योग में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से दांपत्य जीवन में सुख और संतुलन आता है।

### पितृ तर्पण एवं पिंडदान

गरुड़ पुराण के अनुसार, इस दिन पितरों को जल तर्पण और पिंडदान करने से उनकी आत्मा को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

### वृक्ष पूजन एवं पर्यावरण संरक्षण

इस दिन वृक्षारोपण और वृक्ष पूजन की परंपरा भी है। लोग पीपल, बरगद, आम, आंवला जैसे पौधे लगाते हैं और उनकी पूजा करते हैं।

### हरियाली अमावस्या कर सकते हैं इन चीजों का दान

इस अमावस्या पर पितरों के नाम पर जल दान, तर्पण और पिंडदान करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को अनाज, धन, जूते-चप्पल, कपड़े, खाना, छाता, चावल, दालें, मिठाई, मौसमी फल भी दान कर सकते हैं।

# कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रसार कार्यकर्ताओं के लिये संवाद कौशल बहुत जरूरी : डॉ. चंदेल

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

### कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रसार कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण का समापन



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा है कि कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के बढ़ते महत्व को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों तथा प्रसार कार्यकर्ताओं के लिए कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के उपयोग के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त किसानों के साथ सीधा संवाद होने की वजह से उनमे संवाद कौशल, प्रस्तुतीकरण तथा नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों का होना भी आवश्यक है। डॉ. चंदेल ने कहा कि प्राध्यापकों, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रसार कार्यकर्ताओं में इन गुणों के विकास हेतु समय-समय पर क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। डॉ. चंदेल आज यहां विस्तार शिक्षा संस्थान, आणंद (गुजरात) तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय विस्तार सेवाएं के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टूटेजा ने की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंर्तगत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के विषय वस्तु विशेषज्ञ शामिल हुए।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को संवाद कौशल, संभाषण कौशल, तथा प्रस्तुतीकरण कौशल विकास के साथ ही ग्राफिक डिजाइनिंग, पावर पाइंट प्रेजेंटेशन निर्माण, विडियो प्रोडक्शन तकनीक, कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। विस्तार शिक्षा संस्थान, आणंद (गुजरात) के प्रशिक्षकों डॉ. केयूर गरधरिया, डॉ.रवि कुमार चौधरी तथा डॉ.बी.एस. दिवेकर ने विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक भी प्राप्त किये गए। कार्यशाला का समन्वय तथा संचालन डॉ. ज्योति भट्ट द्वारा किया गया।

# 2900 संविदा शिक्षकों के सामने आर्थिक तंगी की चुनौती

**राम प्रसाद दुबे**

### लगभग 3 महीने से बेरोजगार की स्थिति में

रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में 2900 संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी । लगभग 1 वर्ष तक कार्य करने के बाद उक्त शिक्षकों को एक माह का अवकाश दिया गया था। उन शिक्षकों को पुन: वापसी का भरोसा था और शिक्षक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। लेकिन लगभग तीन माह का समय होने जा रहा है इन संविदा शिक्षकों की वापसी नहीं हो पाई है तीन माह से बेरोजगार की स्थिति में सभी शिक्षकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है यहां तक की बुजुर्ग माता-पिता पेंशनर माता-पिता पर निर्भर होकर पारिवारिक खर्च का बोझ उठाना पड़ रहा है ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरकार इन की संविदा शिक्षकों का भविष्य क्या होगा।

उल्लेखनीय है कि 12 माह पहले राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने निविदा जारी कर राज्य में विभिन्न संचालित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में संविदा शिक्षकों की और अन्य पदों में नियुक्ति की गई थी । नियम अनुसार 11 महीने का काम पूरा करने के बाद एक माह का अवकाश पर दिए जाने का प्रावधान था, जो पूरा हो चुका है यह अवकाश दिवस 15 में से प्रारंभ होकर 15 जून तक रखा गया था। किंतु 23 जुलाई होने जा रही है और उक्त 2900 संविदा शिक्षक सहित अन्य कर्मचारियों को वापस कम पर नहीं बुलाया गया है ऐसे में इन कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का शिकार होना पड़ रहा है ।जिन लोगों के पास अन्य संसाधन है वे जैसे तैसे गुजारा कर ले रहे हैं लेकिन जिनके पास बिल्कुल साधन नहीं है वह बुजुर्ग पेंशनर माता-पिता के ऊपर निर्भर होकर रह गए हैं शासन से कई बार मांग हो चुकी है लेकिन उच्च शिक्षा विभाग अब तक इसमें निर्णय नहीं कर पाया है ऐसे में इन 2900 कर्मचारी को रोजगार की चिंता भी सताने लगी है ।


> दैनिक प्रतिदिन राजधानी ने उच्च शिक्षा आयुक्त संतोष देवांगन से दूरभाष पर चर्चा करने का प्रयास किया लेकिन वह किसी शासकीय दौरे पर थे इसलिए इस विषय में चर्चा नहीं हो पाई है लेकिन कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा बताते हुए तकलीफ साझा की है

## तीनो पचायत का स्कूलों, आंगनवाड़ी, का निरीक्षण किया गया

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

फरसपाल, आलनार, कुडेनार, तीनो पचायत का स्कूलों, आंगनवाड़ी, का निरीक्षण किया गया मेरे दौरा, और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, स्कूल के शिक्षकों के, साथ रुबरु हुआ हूँ आंगनबाड़ी बच्चों के साथ स्कूल के बच्चों के साथ भी चर्चा किया हूं कसकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया हूं की बच्चे आंगनबाड़ी से सीखते है बोलना पढ़ने का कोशिश करते हैं थोड़ा बच्चों को सीखने का प्रयास करो साथ में आंगनवाड़ी में क्या-क्या मिलता है ऐसे भी सवाल पूछा गया है साथ में बच्चों को मनोरंजन खेलने संस्कृति कार्यक्रम ऐसे जो भी आता है मनोरंजन के अंतर्गत उनको बच्चों को सिखाओ बच्चों को उत्साह वर्धन करो ऐसे विषयों पर भी चर्चा किया गया है स्कूल के शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचना है बच्चों को कसकर पढ़ाई के साथ-साथ जनरल नॉलेज जरूरी है बच्चों के साथ गुल मिलकर रहिए अच्छे शिक्षा दो समय मिलता है तो एक्स्ट्रा क्लास लो बीच-बीच में संस्कृत कार्यक्रम किया जाए ऐसी चर्चा किया गया है जिसमें क्षेत्र जनपद सदस्य एवं स्कूल समिति सदस्य पवन कुमार कर्मा साथ में संकुल प्रभारी भी उपस्थित रहे






**सुषमा के स्नेहिल सृजन... ??**

छंद - मनहरण घनाक्षरी
हरेली तिहार
अरसा चौसेला चीला, बैठ खाबो माई पिला, हरेली तिहार हावे,सब्बो ल जोहार जी।
खेत खार घूम आबो, लीम पान टोर लाबो,
चढ़बो जी गेड़ी संगी,
सुघ्घर तिहार जी।
हरियर हावे डोली, हाँसी खुशी संगी टोली ,नगाड़ा बजाबो अउ,
करबो सत्कार जी।
दाई-ददा सेवा करौ, आशीष अचरा धरौ,
लइका दुलार राखो,
'सुषमा' संसार जी।
.सुषमा प्रेम पटेल(रायपुर छ.ग.)
सुघ्घर बिहनिया जय जोहार ????

## एनएचएमएमआई में जीवन रक्षक आपातकालीन जटिल हृदय शल्य चिकित्सा

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

एक 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर सीने और पीठ दर्द के साथ आपातकालीन विभाग में आया। डॉ. स्नेहिल गोस्वामी, कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा शीघ्र निदान और डॉ. अभिजीत तिवारी, कंसल्टेंट रेडियोलॉजिस्ट से प्राप्त बहुमूल्य जानकारी से पता चला कि रोगी को प्रमुख शाखाओं (आर्च वाहिकाओं) से संबंधित महाधमनी विच्छेदन और गंभीर एआर था। इसका अर्थ है कि हृदय से निकलने वाली प्रमुख धमनी (महाधमनी) में एक फटन है जो शरीर के सभी भागों में रक्त की आपूर्ति करती है। आपातकालीन सर्जरी के बिना, धमनी फट सकती है और तत्काल मृत्यु का कारण बन सकती है और हर मिनट मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है।

रोगी को महाधमनी मूल को संरक्षित करने वाला आपातकालीन महाधमनी वाल्व और ग्राफ्ट के साथ कुल आर्च



प्रतिस्थापन किया गया। यह सर्जरी एक अत्यधिक जटिल सर्जरी थी जिसमें उच्च जोखिम शामिल थे और 12 घंटे तक चली। सर्जरी क्लिनिकल लीड और वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. पी के हरि कुमार और उनकी टीम द्वारा की गई थी। रोगी को 10 दिनों के बाद छुट्टी दे दी गई और वह ठीक है। डॉ. हरि कुमार ने बताया कि यह सर्जरी सभी महाधमनी सर्जरी में सबसे जटिल है और देश में केवल कुछ ही केंद्रों में की जाती है। सुविधा निदेशक श्री अजीत कुमार बेलमकोंडा ने टीम की प्रशंसा की और कहा कि एनएचएमएमआई में कार्डियक विज्ञान विभाग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों के बराबर है। टीम में डॉ. वसीम खान, सलाहकार कार्डियोथोरेसिक सर्जन और कार्डियक एनेस्थीसिया टीम में डॉ. राकेश चंद एचओडी कार्डियक एनेस्थीसिया, डॉ. अरुण अंडप्पन वरिष्ठ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, डॉ. धर्मेश और डॉ. अंशिका गियर शामिल थे।

### बहुजन समाज पार्टी जिला रायपुर में जिला स्तरीय बैठक

# बसपा को हर स्तर पर मजबूत करने के निर्देश- मनीष आनन्द

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**



रायपुर स्थित प्रदेश कार्याल में बहुजन समाज पार्टी जिला रायपुर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जिसमें जिला स्तर बैठक में बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विधानसभा के संगठन को तैयार करने के लिए अभनपुर में दीपक दिवाकर, रायपुर पश्चिम में विजय सेंडे, धरसीवा में समय लाल मरीसा, रायपुर ग्रामीण संतोष मारकण्डे रायपुर उत्तर को करमन खटकर, रायपुर दक्षिण को सूरज तांडी, सभी मिलकर तैयार करेंगे और बहुजन वालेंटियर संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी स'जन कुमार जांगड़े को दिया गया। बैठक के विशिष्ट अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन कहा कि बहुजन समाज पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता एक-एक पदाधिकारी के मान सम्मान को ध्यान में रखते हुए बहुजन समाज पार्टी कम कर रही है उन्होंने कहा की मान्य बहन जी ने जो संगठन का काम हम सबको सौंपा है उसको जमीन स्तर पर तेजी से मजबूत करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी जीत का परचम लहराएगी। किसानों की समस्याएं पर चर्चा- बैठक में छत्तीसगढ़ के किसानों को भाजपा सरकार की तरफ से पर्याप्त खाद न देने और साथ ही फसलों के उचित मूल्य के वादे से मुकरने को लेकर भी चर्चा की गई. बसपा नेताओं ने कहा की इस स्थिति के चलते प्रदेश के किसानों में सरकार के प्रति बेहद रोष है. बैठक में बसपा नेताओं ने बताया कि सरकार ने बिना युक्तियुक्त कारण के प्रदेश के करीब 10 हजार से 'यादा स्कूलों को बंद करने का फैसला किया है. दूसरी तरफ प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोली जा रही है, जो की साफ तौर पर सरकार का शिक्षा विरोधी कदम है. इन समस्यों को लेकर अभी हाल ही में प्रदेश शीर्ष नेतृत्व के साथ में बसपा से 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापना उनके आवास में पहुंचकर दिया।

संगठनात्मक पुनर्गठन पर भी हुई चर्चा- बैठक में छत्तीसगढ़ बसपा संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की जनसंख्या और भौगोलिक क्षेत्रफल ज्यादा होने के कारण उनके पुनर्गठन और नए जिले-विधानसभा, सेक्टर पदाधिकारी बनाने को लेकर भी गहन चर्चा की।

## अपराध डायरी

# गबन: एकाउंटेंट ने कंपनी के 1.20 करोड़ अपने खातों में किया ट्रांसफर

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

विधानसभा पुलिस ने एक निजी कंपनी के एकाउंटेंट पर 1.20 करोड़ रुपए के अमानत में ख़यानत का मामला दर्ज किया है। वह करीब एक साल में कंपनी के खातों में से यह रकम अपने खातों में ट्रांसफर करता रहा है ।विधानसभा इलाके में कंचना स्थित केमप्लास्ट प्रोडक्ट प्रायवेट कंपनी के डायरेक्टर अनुराग अग्रवाल 55 ने कल देर रात मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार कंपनी कार्यालय में सागर तिवारी एकाउटेंट के पद पर कार्यरत है। कंपनी की वित्तीय लेन देन आनलाईन बैकिंग के द्वारा करने की जिम्मेदारी सागर तिवारी को दी हुई थी। इसने 01.07.2024 से 21 जुलाई 25 तक अवैध तरीके से कंपनी के खाते से अपने निजी लाभ के लिये विभिन्न खातों में आनलाईन ट्रांजेक्शन कर 1,20,00,000/-रूपए का गबन किया है।

## पत्रकारों पर हमला करने वाले शातिर बाउंसर गिरोह का अनस खान गिरफ्तार

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

पिछले माह आंबेडकर अस्पताल में कवरेज के लिए गए पत्रकारों और पिछले सप्ताह भावना नगर में तिवारी परिवार पर हमला करने वाले बाउंसर गैंग का एक शातिर आरोपी अनस खान गिरफतार किया गया है। दोनों की घटनाओं के बाद से फरार अनस को लेकर पुलिस को सूचना मिली थी वह यदा कदा आधी रात बाद परिजनों से मिलने घर आता है? इस पर कल रात पुलिस ने अपने जवानों को सादी वर्दी



में राजातालाब में तैनात कर रखा था। अनस करीब 2 बजे पहुंचा था और क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। मो अनस खान पिता नासिर रजा, निवासी नूरानी मस्जिद के पीछे, राजा तालाब को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों को हिरासत में लिया जा 8 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 जुलाई की रात करीब 11 बजे, संजय चौधरी नामक व्यक्ति रोज की तरह उनके घर के सामने चौक पर कचरा और जूठन फेंक रहा था। मना करने पर आरोपी ने अश्लील गाली-गलौच शुरू कर दी ।विवाद की आवाज सुनकर उसका बेटा ऐश्वर्य तिवारी और उसके मित्र रचित माटे, शिवांग शुक्ला और गगन उर्फ गोकुल मौके पर पहुंचे। इस दौरान संजय चौधरी के पड़ोसी शेख उर्फ लाल सोनू, उसका भाई और भतीजा भी वहां आ गए। सभी ने मिलकर पहले गाली-गलौच फिर हाथापाई शुरू कर दी ।कुछ देर बाद, यासिन शेख और उसके 10-15 साथी राकेश तिवारी के घर में घुस आए और लाठी-डंडे, पाइप, चाकू और हाथ मुक्कों से हमला कर दिया। इस हमले में प्रार्थी पक्ष के कई लोगों को गंभीर चोटें आईं ।पुलिस ने धारा 296, 351(3), 191(3), 333, 109, 324(4) बीएनएस का अपराध दर्ज कर तलाश कर रही थी।

## हेरोइन के साथ पकड़ाए तस्कर को 5 साल जेल, 50 हजार जुर्माना

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

विशेष एनडीपीएस न्यायालय, रायपुर ने हेरोइन (चिट्टा) की तस्करी के एक मामले में आरोपी जगजीत सिंह उर्फ सनी



को दोषी पाते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 50,000 रूपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त 6 माह की सश्रम सजा भुगतनी होगी ।यह निर्णय न्यायाधीश श्रीमती किरण थवाईत (विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट) न सोमवार को सुनाया गया।17 अक्टूबर 2024 को रायपुर के खमतराई इलाके में रिंग रोड नंबर 2, लक्ष्मी धर्मकांटा के पास पुलिस ने तीन आरोपियों के पास से कुल 26 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) जब्त किया था।

खमतराई पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लक्ष्मी धर्मकांटा के पास रिंग रोड नं0-2, भनपुरी में तीन व्यक्ति अपने पास अवैध मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे हैं। उक्त सूचना पर तीनों आरोपी को पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम जगजीत सिंग उर्फ सनी, दूसरे ने संदीप सिंग उर्फ सोनू, तीसरे ने सुखराज सिंग उर्फ सुख्खा बताया। तीनों की तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 26 ग्राम हेरोइन जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर जगजीत सिंह को दोषी पाए जाने पर अदालत ने उसे 5साल सा श्रम कारावास और 50 हजार का जुर्माना लगाया है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2535780, 90, फैक्स: 0771-2227395, ई-मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक /141/का.आ./ फि.प्लांट/न.नि./25 रायपुर, दिनांक 23/07/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा खोलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। विवरण निम्नानुसार है-

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 07/08/2025 सांयकाल 5.00 बजे राक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को
   निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 08/08/2025 सांयकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 12/08/2025 सांयकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 13/08/2025 सांयकाल 4.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि | प्रपत्र का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खारून पम्प हाउस के अंतर्गत 150 HP मोटर प्रदाय एवं स्थापित करने का कार्य। | 9,63,222.00 | 29,000.00 | 750.00 | 03 माह | "C" |

**निविदा की शर्त :-**

1. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि / समय में फिल्टर प्लॉट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाठा से प्राप्त की जा सकती है।
2. अमानती राशि (FIDR) आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, न.पा.नि. रायपुर को होगा।
4. निविदाकारो को लिफाफा 'अ' में अमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/Registration Certificate/Authorization Certificate/w year IT return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफा 'ब' में निविदा दर, डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अंको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में कांट-छांट नहीं होना चाहिए। दोनो लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
5. निविदाकारो को लिफाफा 'अ' में आमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/Registration Certificate/Authorization Certificate/w year IT return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाये जाने के उपरांत ही लिफाफा 'ब' खोला जावेगा।
6. इसके अलावा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डी.डी. के रूप में जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर रावणभाठा को प्रेषित करना होगा।

कार्यपालन अभियंता
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

सम्पादकीय

# दूरगामी रणनीति से बनेंगे पड़ोसियों से अच्छे संबंध

संक्रमणकाल से गुजर रहे भारतीय समाज में पति-पत्नी के दरकते रिश्ते समाजविज्ञानियों के लिए चिंता का विषय हैं। आये दिन विभिन्न अदालतों में ऐसे मामलों से जुड़े विवाद मीडिया की सुर्खियां बनते रहते हैं। निस्संदेह, भारतीय समाज में पहले ऐसे मामले कम ही नजर आते थे और विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा जाता रहा है। यहां तक कि हिंदू विमर्श में तलाक शब्द का कोई सटीक पर्यायवाची भी नहीं मिलता। लेकिन इधर रिश्तों में लगातार बढ़ता अविश्वास, अलगाव व विवाद वर्तमान समय की हकीकत है। बल्कि पिछले दिनों एक न्यायाधीश को यहां तक कहना पड़ा कि वैवाहिक विवादों के बोझ से न्यायिक प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। इसी क्रम में पिछले दिनों पति-पत्नी के विवाद में गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई फोन कॉल को साक्ष्य मानने की बात सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में कहा है कि पति या पत्नी द्वारा गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोन बातचीत अब एक सबूत के तौर पर स्वीकार होगी। शीर्ष अदालत का कहना था कि इस तरह की रिकॉर्डिंग फैमिली कोर्ट में एक अहम सबूत के तौर पर स्वीकार की जा सकती है। दरअसल, इस बाबत पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को ही रद्द कर दिया। दरअसल, पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट का इस बाबत मानना था कि किसी पक्ष की जानकारी के बिना उसकी बातचीत को रिकॉर्ड करना उसकी निजता का उल्लंघन होगा। उच्च न्यायालय का तर्क था कि इस रिकॉर्डिंग को फैमिली कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय का कहना था कि आमतौर पर पति-पत्नी सामान्य तौर पर या आवेश में खुलकर बात करते हैं। उन्हें इस बात का भान नहीं होता कि कहीं उनकी बात रिकॉर्ड हो रही है या उनकी बातचीत भविष्य में अदालत में साक्ष्य की तौर पर पेश की जा सकती है। अपने तर्क के समर्थन में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने कुछ न्यायिक फैसलों का भी जिक्र किया था। खासकर आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के एक फैसले का उल्लेख किया गया था, जिसमें कहा गया था कि पति-पत्नी की सहमति के बिना बातचीत को रिकॉर्ड करना निजता का उल्लंघन है। साथ ही गैर-कानूनी भी है। इस तरह के साक्ष्य को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उन दलीलों को अस्वीकार्य किया कि जिसमें कहा गया था कि इस तरह के साक्ष्य की अनुमति देने से घरेलू सौहार्द व वैवाहिक रिश्तों पर आंच आएगी।

# राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों से खेती किसानी को नया संबल मिला

## छत्तीसगढ़ का परंपरागत तिहार हरेली



छगन लाल लोन्हारे।



प्रदेश सरकार किसानों के आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गांव, गरीब और किसान सरकार की पहली प्राथमिकता में हैं। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है, छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की इन डेढ़ साल के अवधि में किसानों के हित में लिए गए नीतिगत फैसलों से खेती किसानी को नया संबल मिला है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कर रिकॉर्ड कायम किया है। छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है। इस त्यौहार से ही राज्य में खेती-किसानी की शुरूआत होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं और घरों में माटी पूजन होता है। गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। इस त्यौहार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक पर्वों की महत्ता भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेड़ी के बिना हरेली तिहार अधूरा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदीकर न सिर्फ किसानों को मान बढ़ाया, बल्कि किसानों को उन्नति की ओर ले जाने में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। साथ ही किसानों के खाते में रमन सरकार के पिछले दो वर्ष का बकाया धान के बोनस 3716.38 करोड़ रूपए अंतरित कर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर दी है। मुख्यमंत्री का मानना है कि भारत गांवों में बसता है। जब किसान खुशहाल होंगे तो प्रदेश का व्यापार, उद्योग बढ़ेगा। परंपरा के अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गांव में अक्सर हरेली तिहार के पहले बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों की जिद पर अभिभावक जैसे-तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। हरेली तिहार के दिन सुबह से तालाब के पनघट में किसान परिवार, बड़े बजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय, बैल, बछड़े को नहलाते हैं और खेती-किसानी, औजार, हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को साफ कर घर के आंगन में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। अपने-अपने घरों में अराध्य देवी-देवताओं की साथ पूजा करते हैं। गांवों के ठाकुरदेव की पूजा की जाती है। हरेली पर्व के दिन पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधियुक्त आटे की लोंदी खिलाई जाती है। गांव में यादव समाज के लोग वनांचल जाकर कंदमूल लाकर हरेली के दिन किसानों को पशुओं के लिए वनौषधि उपलब्ध कराते हैं। गांव के सहाड़ादेव अथवा ठाकुरदेव के पास यादव समाज के लोग जंगल से लाई गई जड़ी-बूटी उबाल कर किसानों को देते हैं। इसके बदले किसानों द्वारा चावल, दाल आदि उपहार में यादवों को भेंट करने की परंपरा रही हैं। सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरेली पर्व मनाया जाता है। हरेली का आशय हरियाली ही है। वर्षा ऋतु में धरती हरा चादर ओढ़ लेती है। वातावरण चारों ओर हरा-भरा नजर आने लगता है। हरेली पर्व आते तक खरीफ फसल आदि की खेती-किसानी का कार्य लगभग हो जाता है। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धोकर, धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला भोग लगाया जाता है। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण किया जाता है। हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी परिवारों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जाता है। परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते है। गेड़ी बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फाड़कर उन्हें दो भागों में बांटा जाता है। उसे नारियल रस्सी से बांधकर दो पउआ बनाया जाता है। यह पउआ असल में पैर दान होता है जिसे लंबाई में पहले कांटे गए दो बांसों में लगाई गई कील के ऊपर बांध दिया जाता है। गेड़ी पर चलते समय रच-रच की ध्वनि निकलती हैं, जो वातावरण को और आनंददायक बना देती है। इसलिए किसान भाई इस दिन पशुधन आदि को नहला-धुला कर पूजा करते हैं। गेहूं आटे को गूंथ कर गोल-गोल बनाकर अरंडी या खम्हार पेड़ के पत्ते में लपेटकर गोधन को औषधि खिलाते हैं। ताकि गोधन को रोगों से बचाया जा सके। गांव में पौनी-पसारी जैसे राऊत व बैगा हर घर के दरवाजे पर नीम की डाली खोंचते हैं। गांव में लोहार अनिष्ट की आशंका को दूर करने के लिए चौखट में कील लगाते हैं। यह परम्परा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यमान है।

पिहले के दशक में गांव में बारिश के समय कीचड़ आदि हो जाता था उस समय गेड़ी से गली का भ्रमण करने का अपना अलग ही आनंद होता है। गांव-गांव में गली कांक्रीटीकरण से अब कीचड़ की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। हरेली के दिन गृहणियां अपने चूल्हे-चौके में कई प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाती है। किसान अपने खेती-किसानी के उपयोग में आने वाले औजार नांगर, कोपर, दतारी, टंगिया, बसुला, कुदारी, सब्बल, गैती आदि की पूजा कर छत्तीसगढ़ी व्यंजन गुलगुल भजिया व गुड़हा चीला का भोग लगाते हैं। इसके अलावा गेड़ी की पूजा भी की जाती है। शाम को युवा वर्ग, बच्चे गांव के गली में नारियल फेंक और गांव के मैदान में कबड्डी आदि कई तरह के खेल खेलते हैं। बहु-बेटियां नए वस्त्र धारण कर सावन झूला, बिल्लस, खो-खो, फुगड़ी आदि खेल का आनंद लेती हैं।

# बड़ी जीत है द रेजिस्टेंट फ्रंट का आतंकी संगठन घोषित होना


ललित गर्ग।



पहलगाम में जब आतंकी हमले में निर्दोषों का रक्त बहा, आहें एवं चीखें गूंजी, जिसने न केवल देश एवं दुनिया को झकझोर दिया था, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि आतंकवाद की जड़ें अब भी जीवित हैं और उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और सीमा-पार समर्थन प्राप्त है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तनकारी एवं प्रासंगिक कदम अमेरिका की ओर से सामने आया है, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया, इस तरह टीआरएफ की पहचान और आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का नया अध्याय लिखा गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि आतंक के विरुद्ध वैश्विक मंच पर एक रणनीतिक संदेश है कि अब छद्म युद्ध और पनपते आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही का युग आ गया है। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर के अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास इस बात के द्योतक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत सफल हो रहा है। अमेरिका के इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से बेपर्दा किया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है। टीआरएफ दिखने में एक स्थानीय कश्मीरी संगठन होने का भ्रम देता है, लेकिन असल में यह लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान-समर्थित आतंकी संगठनों को नया नाम एवं नये रूप में प्रस्तुत करना पाक की एक साजिश एवं सोची-समझी रणनीति है, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। एक और विडम्बनापूर्ण स्थिति यह है कि पाक ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो। यह जगजाहिर है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे और पाक को आतंक पोषित स्वीकार्य किया जाने लगा।

उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। इसका गठन 2019 के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हुआ और इसका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को 'स्वदेशी विद्रोह' की आड़ में अंजाम देना है। पहलगाम हमला भारत के उस प्रयास को चुनौती देता है जो वह 'पर्यटन और विकास के माध्यम से कश्मीर को मुख्यधारा में लाने' के लिए कर रहा है। जब भी कश्मीर में शांति की बहार आती है, ऐसे आतंकी संगठन हिंसा का तूफ़ान लेकर आते हैं। टीआरएफ ने सोशल मीडिया, इंटरनेट और कूटनीतिक शब्दजाल का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को 'कश्मीरी प्रतिरोध आंदोलन' के रूप में पेश करने की कोशिश की, जबकि उसके तार रावलपिंडी और आईएसआई के आतंकवाद समर्थन तंत्र से सीधे जुड़े हैं।

# नदी-तालाबों को राह देने से राहत की उम्मीद



पानी के बहने के मार्ग को रोकने का अर्थ है सौभाग्य बाधित करना। गुरुग्राम शहर में थोड़ी सी बारिश में जलभराव भी नदी-नाले खत्म करने का परिणाम है। वास्तव में जल-संकट, बाढ़ और सूखे से बचना है तो नदी-नालों के पारंपरिक मार्गों को तलाश कर उन्हें उनके नैसर्गिक रूप में लौटाना अनिवार्य है। बीती 10 जुलाई को करीब डेढ़ घंटे बरसात हुई और देश में साइबर सिटी और बड़े औद्योगिक घरानों के लिए मशहूर गुरुग्राम में कई-कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सात लोग भी मारे गए। आश्चर्य है कि यह महानगर सालभर जल संकट से जूझता है, लेकिन बारिश होते ही दरिया बन जाता है। जहां सबसे महंगी जमीन है, वहीं सबसे ज्यादा जलभराव होता है। आठ घंटे के जाम से गुरुग्राम को अनुमानत: सैकड़ों करोड़ रुपये का नुक़सान होता है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का इस शहर पर भरोसा भी डगमगाने लगा है। नाले-सीवर साफ न होना जैसे कारण तो अमूमन देश के हर शहर को बरसात में लज्जित करते हैं, लेकिन गुरुग्राम के डूबने का असल कारण अलग है- नदी-तालाबों को गुम कर वहां कंक्रीट का जंगल खड़ा करना। अरावली की गोद में बसे इस शहर के पास नैसर्गिक रूप से इतनी जल निधियां थीं कि चाहे जितना पानी गिरे, उनमें ही भर जाये। सारे साल हर घर को पानीदार बना कर रखने की क्षमता थी। जब लोग गुस्साते हैं कि पानी हमारे घर-बस्ती में घुस गया, नदी-तालाब मौन रहकर 'कहते हैं' कि समाज ने हमारा घर उजाड़ कर कब्जा किया। करीब डेढ़ दशक पहले तक एक नदी बहा करती थी- साबी या साहबी नदी। जो जयपुर जिले की सेवर की पहाड़ियों से निकल कोटकासिम, धारूहेड़ा, बहरोड़, तिजारा, पटौदी और झज्जर होते हुए नजफगढ़ झील तक पहुंचती थी। नए गुरुग्राम में इसका प्रवाह घाटा, ग्वाल पहाड़ी, बहरामपुर, मेरावास, नंगली और बादशाहपुर तक फैला था, जहां इससे जुड़ी कई बड़ी झीलें थीं। कुछ स्थानों पर साहबी का पाट एक एकड़ तक चौड़ा था। आश्चर्य है कि गुरुग्राम की सीमा में इस नदी का कोई राजस्व रिकॉर्ड ही दर्ज नहीं है। करीब 15 साल पहले हुड्डा ने नदी के जलग्रहण क्षेत्र को 'आर-जोन' घोषित कर दिया। इससे पहले इस क्षेत्र की जमीन कुछ किसानों के नाम दर्ज थी। आर-जोन घोषित होते ही जमीन पर बिल्डरों की नजर पड़ी और एक एकड़ की क़ीमत पचास लाख से बढ़कर पंद्रह करोड़ प्रति एकड़ तक हो गई। नदी मार्ग पर सेक्टर 58 से 65 तक कई कॉलोनियां और बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी गईं। जब नदी के रास्ते में निर्माण होगा, तो पानी इमारतों के आसपास जमा होगा ही। असल में इस नदी के बहाव से कई तालाब जुड़े थे-जब नदी उफान पर होती तो तालाब भर जाते। गुरुग्राम में 1956 में 640 तालाब थे जो कि 1971 में 519 रह गये और आज बड़े मुश्किल से 251 बचे हैं, जिनमें से आधे ठीक करना सम्भव नहीं। थोड़ी-सी बरसात में ही गुरुग्राम के पानी-पानी होने और फिर सालभर बेपानी रहने का कारण केवल नदी और तालाबों का लुप्त होना नहीं, जमीन के लालच में कई अहम नाले हड़पना भी है। डीएलएफ फेज तीन से सिकंदरपुर, सुचाराली से पालम विहार व बादशाहपुर से खाडसा होते हुए नजफगढ़ वाला नाला भी गुम हो गया। इन तीनों की जल-ग्रहण क्षमता कई हजार घन मीटर थी। यह सारा पानी कारखानों, दफ्तरों के आगे सड़कों पर रुकता है। गुरुग्राम के दिल्ली की द्वारका की तरफ के इलाके में जल-भराव का मुख्य कारण उस विशाल जल-निधि का तहस-नहस होना है जो दिल्ली एनसीआर की प्यास बुझाने को अकेले ही काफी थी। दिल्ली-गुड़गांव अरावली पर्वतमाला के तले है और अभी सौ साल पहले तक इस पर्वतमाला पर गिरने वाली हर एक बूंद 'डाबर' में जमा होती थी।

व्यापार समाचार

# सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी सोना और चांदी की बढ़ी चमक



नई दिल्ली।

घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को जोरदार तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना बुधवार को 1,050 रुपये से लेकर 1,140 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी बुधवार को 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण बुधवार को देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये से लेकर 1,01,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना बुधवार को 92,860 रुपये से लेकर 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को 1,18,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना बुधवार को 1,01,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना बुधवार को 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 540 अंक चढ़कर 82,727 पर बंद

नई दिल्ली।




मजबूत ग्लोबल संकेतों और वोलैटिलिटी इंडेक्स में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को मजबूती के साथ बंद हुआ। बुधवार को कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद पहले आधे घंटे के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन सुबह 10 बजे के पहले ही लिवालों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बुधवार को दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर रियल्टी, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी बुधवार को आमतौर पर मजबूती बनी रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को कारोबार का अंत किया। बुधवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बुधवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 460.43 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को बुधवार के कारोबार से करीब 1.98 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। बुधवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,198 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,997 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,034 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 167 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में बुधवार को 2,649 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,313 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,336 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स बुधवार को 265.06 अंक की मजबूती के साथ 82,451.87 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक फिसल कर 82,279.73 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाला और आक्रामक अंदाज में लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही लिवाली के कारण बुधवार का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 599.62 अंक की मजबूती के साथ 82,786.43 अंक तक पहुंच गया।

# मोनिका एल्कोबेव की सपाट एंट्री से मामूली फायदे में रहे आईपीओ निवेशक

नई दिल्ली।

एल्कोहलिक बेवरेजेज का आयात करके भारत और पड़ोसी देशों में बिक्री करने वाली कंपनी मोनिका एल्कोबेव के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 286 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 0.70 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 288 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण शेयरों में तेजी का रुख बना, जिससे कंपनी के शेयर 289.50 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली की वजह से ये शेयर 288 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह आज पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 0.70 प्रतिशत का मुनाफा हो सका। मोनिका एल्कोबेव का 165.63 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 18 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.08 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 8.86 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 137.02 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। नए शेयरों के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्जों को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 13.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 16.60 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 23.11 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 30 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 238.36 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# अनुज के जनचौपाल में ग्राम मोतिमपुर , मधईपुर, छड़िया, आलेसुर, पचरी को मिली कई सौग़ातें




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

विधायक अनुज ने जनचौपाल में जनता को दिलाया भरोसा, कहा- मैं राजनीति नहीं,आपकी सेवा करने आपके द्वार तक आया हूं धरसींवा विधानसभा के विधायक अनुज शर्मा ने बुधवार को ग्राम पंचायत मोतिमपुर (परसदा), मधईपुर, छड़िया, आलेसुर एवं पचरी में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामवासियो की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी असली ताकत है। श्री शर्मा ने जनता को भरोसा दिलाया कि मैं राजनीति में नाम या पद के लिए नहीं आया हूं, मेरी प्राथमिकता सिर्फ आप लोगो की सेवा है इसलिए आज आपके द्वार तक आपकी समस्याओं को सुनने और उसका समाधान करने आया हू। आप मेरे परिवार के सदस्य हैं, आपके हर काम में मेरी भागीदारी हमेशा रहेगी। कभी किसी अपरिहार्य कारणों से आपके कार्यक्रमों मे आपका अनुज उपस्थित नही हो पाया तो बुरा नही मानियेगा, मैं उस दिन नही तो किसी और दिन आपसे आकर मिलूँगा7 जनचौपाल में ग्रामीणों ने विधायक को अपनी समस्या बताया कि परसदा- मोतिमपुर खुर्द कि रोड बहुत जर्जर हो चुकी हैं, जिसको बनाने के लिए विगत 30 साल से मांग कर रहे है आज तक पूरा नही हो पाया। उक्त रोड को बनाने पूरा का प्रस्ताव विधायक ने तुरंत प्रस्ताव भेजा। ग्राम आलेसुर में बच्चों कि समस्याओं को सुनते हुए शाला में प्रार्थना शेड, किचन शेड, शौचालय का घोषणा भी किया7 इन सभी 5 गांवों कि मुख्य समस्या नलवा स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड के खदान कि लोकसुनवाई पर रोक है जिसको मैंने पहले भी 2 बार निरस्त करवाया था और अभी 26 तारीख को होने वाली जनसुनवाई को निरस्त करवाने के लिए विधानसभा के मानसून सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से आपकी समस्याओं और माँगो को शासन तक पहुचाया और माननीय मुख्यमंत्री जी व जिला प्रशासन को पत्र लिख कर आपकी समयस्यों को उनके समक्ष रख कर लोक सुनवाई को निरस्त करने का आग्रह किया हैं ।आज के इस जन चौपाल मे विधायक ने मोतिमपुर स्कूल मे 10 लाख रुपए कि लागत से बन रहे प्रार्थना शेड का भूमिपूजन भी किया7 श्री शर्मा ने सभी ग्राम पंचायतों मे एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण भी किया7

आज के इस कार्यक्रम में विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, श्री नवीन अग्रवाल, श्रीमति स्वाति वर्मा, श्री टिकेश्व मनहरे, श्री सुरेंद्र वर्मा, समस्त सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे7



## प्रीतम ठाकुर, गायत्री सुनील ने पार्षदों सहित बैठक लेकर सड़क बत्ती, पेयजल, सफाई को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के कार्यालय में जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चन्द्राकर ने नगर निगम जोन क्रमांक 8 क्षेत्र के वार्ड पार्षद श्री सन्दीप साहू, श्री भगतराम हरवंश, श्री अमन सिंह ठाकुर, श्री अर्जुन यादव की उपस्थिति में जोन नम्बर 8 के सभी 7 वार्डो के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और सड़क बत्ती, पेयजल एवं सफाई से सम्बंधित कार्यों को लेकर जोन के सभी वार्ड प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिये. जोन 8 जोन अध्यक्ष और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष ने वार्ड पार्षदों सहित जोन राजस्व विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को रायपुर नगर पालिक निगम के हित में अधिकाधिक राजस्व वसूली करने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये.



## महापौर मीनल, सभापति राठौड़, व संस्कृति विभाग अध्यक्ष गिदवानी ने हरेली तिहार पर दी अग्रिम शुभकामनायें

### रायपुर को स्वच्छ हरित स्मार्ट सिटी बनाने अधिक से अधिक पौधे रोपित करने की अपील

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड और संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने समस्त नगरवासियों को हरेली तिहार 24 जुलाई 2025 के अवसर पर अग्रिम शुभकामनायें देते हुए समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को स्वच्छ, सुन्दर, हरित, विकसित और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर के दिव्य चरणों में विनम्र प्रार्थना की है ।नगर निगम महापौर मती मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड और संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने समस्त नगरवासियों से राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ, सुन्दर, हरित स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मार्गदर्शन में एक पेड मा के नाम महाभियान में शहर में सुरक्षित स्थानो पर अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रत्येक लगाये गये पौधे को वृक्ष बनते तक उनकी देखभाल अपनी संतानो की भांति करने का समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रण लेने की अपील की।

## सेवानिवृत्त 55 कर्मचारियों का सेवा सम्मान नगर निगम में 25 को

### महापौर, सभापति, सामान्य प्रशासन विभाग अध्यक्ष, आयुक्त सेवानिवृा कर्मचारियों को समानित करेंगे

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर पालिक निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ के तत्वावधान में दिनांक 25 जुलाई 2025 शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल निगम सामान्य सभा सभागार में वर्ष 2025 के दौरान जनवरी से जुलाई तक नगर निगम रायपुर की सेवा से सेवानिवृत्त हुए 55 सेवानिवृत्त नगर निगम कर्मचारियों का सामूहिक सेवा सम्मान आयोजित किया गया है। आयोजन महापौर मती मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य, सभापति सूर्यकांत राठौड़ की अध्यक्षता, सामान्य प्रशासन एवं विधि विधायी कार्य विभाग अध्यक्ष डॉ. अनामिका सिंह एवं आयुक्त विश्वदीप के विशेष आतिथ्य में रखा गया है जिसमें नगर निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ द्वारा नगर निगम के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त 55 निगम कर्मचारियों के संबधित परिवारजनों को आयोजन में सम्मिलित होने अनुरोध किया गया है। रायपुर नगर निगम कर्मचारी एकता संघ द्वारा गठन उपरांत एक वर्ष के भीतर नगर निगम के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के सम्मान हेतु यह तीसरा आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाघव सहित सभी पदाधिकारियों ने दी है।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने नवाचार और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के लक्ष्य के साथ मनाया अपना 118वां स्थापना दिवस

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

इस वर्ष की थीम 'भरोसे का सशक्त आधार नवाचार ' है। ? ग्राहक अनुभव और ग्राहकों के विश्वास में वृद्धि पर केंद्रित कई पहलों की शुरुआत की घोषणा की गयी । मुंबई, 20 जुलाई, 2025 बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने अपने 118वें स्थापना दिवस पर विश्वास, नवाचार और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैंक के 118वें स्थापना वर्ष की थीम

&#39भरोसे का सशक्त आधार

नवाचार&# 39; रखी गई है जो वर्षों से ग्राहकों के भरोसे को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए भविष्य की बैंकिंग को आकार देने की बैंक की सोच को दर्शाता है। बैंक के स्थापना

दिवस के अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफ़एस) के सचिव एम. नागराजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक ने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए बैंकिंग की पहुंच को बढ़ाने और




स्थायित्वपूर्ण वृद्धि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से डिजिटल और तकनीक, संवहनीय बैंकिंग और ग्रीन फायनांस के क्षेत्र में कई नवोन्मेषी

उत्पादों और पहलों की घोषणा की। कुछ प्रमुख पहलों में एमएसएमई, व्यापारियों और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए एक नया, संवर्धित मोबाइल बैंकिंग ऐप; बॉब

वर्ल्ड बिज़नेस ऐप लॉन्च, एआई और 3डी होलोग्राफिक तकनीक पर आधारित एक अत्याधुनिक वर्चुअल फ्रंट ऑफिस की शुरुआत, जो ग्राहकों को एक अभिनव सेवा अनुभव प्रदान करेगा; बॉब इ पे ऐप में वैश्विक यूपीआई सुविधाओं को एंटीग्रेट करते हुए बॉब इ पे इंटरनेशनल की शुरुआत, दृष्टिबाधित ग्राहकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार बॉब इनसाइट ब्रेल डेबिट कार्ड, और इनके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल परियोजनाओं को सपोर्ट प्रदान करने के लिए ग्रीन फ़ाइनेंस योजनाओं जैसी पहलें शामिल हैं ।

इस अवसर पर एम. नागराजू, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग ने कहा, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा की 118 वर्षों की समृद्ध विरासत विश्वास, दृढ़ता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता की मिसाल है। विकसित भारत @2047 की दिशा में आगे बढ़ते हुए, तकनीक-संचालित बैंकिंग के माध्यम से समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने, एमएसएमई क्षेत्र को सहयोग प्रदान करने और युवाओं के सशक्तीकरण में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, विशेष रूप से बैंक ऑफ़ बड़ौदा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। " इस अवसर पर बात करते निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने कहा-

एक सदी से भी अधिक समय से, बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने हितधारकों के सपनों को साकार करने में उनका साथ देते हुए उनके

## आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन विस्तार को लेकर बड़ी कवायद शुरू-गोपाल साहू

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए कवायद शुरू हो गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि आगामी 30 जुलाई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग रखी गयी है और उसके बाद जोन स्तरीय सम्मलेन रखा जायेगा, जिसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राज्यसभा सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक जी और दिल्ली से सुल्तानपुर विधायक, उप नेता विपक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत जी के निर्देशानुसार राज्य में पार्टी विस्तार और मजबूत संगठन की कवायद शुरू हो गयी है। छत्तीसगढ़ में पार्टी ने 7 ज़ोन बनाकर प्रदेश पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक /समन्वयक नियुक्त किया है, जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग को सरगुजा जोन एवं कोरबा-रायगढ़ ज़ोन, प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी) मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय को बिलासपुर -जांजगीर-चांपा ज़ोन,प्रदेश महासचिव वदूद आलम को रायपुर-महासमुंद ज़ोन, प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी और प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल को बस्तर जोन, कांकेर ज़ोन एवं दुर्ग-राजनांदगाव ज़ोन की पर्यवेक्षक/समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है।

प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग ने कहा कि पार्टी द्वारा जल्द ही नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जायेगा। जिला, ब्लॉक स्तर, प्रत्येक वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार की जा रही है।

प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पार्टी में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर फोकस किया जा रहा है।आने वाले कुछ महीनों में पार्टी में संगठन स्तर पर जिम्मेदारियां दे दी जाएंगी, जिसके बाद जनता के मुद्दे,आगामी चुनाव रणनीति की बड़ी रुपरेखा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में तैयार होगी।

प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी) मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने बताया कि हमारे द्वारा कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की नीतियों, विचारधारा और सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित कर कार्यकर्ताओं में जोश और एकता का संचार करने की तैयारी की जा रही है। आम आदमी पार्टी



भारत की पहली ऐसी पार्टी है जो अपने गठन के सिर्फ 12 साल में ही राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया है, आम आदमी पार्टी ने हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी पर आम जनता के अधिकार के तौर पर फोकस किया है, छत्तीसगढ़ में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। ऐसे में पार्टी के छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में बड़ा फेरबदल की उम्मीद है।

## कलिंगा विश्वविद्यालय एवं लायंस क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

20 जुलाई 2025 को कलिंगा विश्वविद्यालय एवं लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण अभियान (Tree Plantation Drive) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में पर्यावरणीय चेतना का प्रसार करना था।

इस अभियान के अंतर्गत कुल 280 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल देशी प्रजातियों के पौधे विशेष रूप से शामिल थे।

इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा शर्मा ने वृक्षारोपण को पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इस प्रकार की पहलों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना और विश्वविद्यालय परिसर के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देना था। कार्यक्रम का कुशल संचालन लायन क्लब रायपुर प्रेरणा कि सचिव डॉ. स्मिता प्रेमानंद द्वारा किया गया, जिनकी ऊर्जा, मार्गदर्शन और आयोजन क्षमता अत्यंत सराहनीय रही।

इस कार्यक्रम में लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एमजेएफ लायन पपिन्दर कौर पुसरी, लायन विनोद अग्रवाल, लायन नवनीत कौर ग्रेवाल, लायन बलबीर सिंह ग्रेवाल तथा अन्य लायन सदस्य उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी उपस्थिति एवं सक्रिय भागीदारी से इस आयोजन को सफल बनाया। लायन्स क्लब कि अध्यक्ष एमजेएफ लायन सुजाता अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि हर पौधा एक वादा है – शुद्ध हवा, हरियाली और जीवन का। इसी सोच के साथ यह अभियान सिर्फ पौधारोपण का नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम था।

कार्यक्रम के पश्चात सभी प्रतिभागियों के लिए भोज की उत्तम व्यवस्था एमजेएफ लायन डॉ. संयुक्ता गांधी के सौजन्य से की गई, जिसके लिए लायन्स परिवार द्वारा उनकी हृदय से सराहना की गयी। कार्यक्रम के अंत में क्लब कि कोषाध्यक्ष एमजेएफ लायन दिल्शरीन कौर पुसरी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम सभी सहभागी संस्थाओं, क्लब सदस्यों, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने इस अभियान को सफल एवं यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**अंग्रेजी** — रायगढ़-झारसुगुड़ा सेक्शन मे तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन का विधुतीकरण का कार्य किया जायेगा

## किरोड़ीमल नगर स्टेशन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरकनेटिविटी का कार्य किया जायेगा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

**बिलासपुर-झारसुगुड़ा** तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे भविष्य में यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।

अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है । इसी प्रकार बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है यह व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है । परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है । इससे आधारभूत संरचना में तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में वृद्धि होगी । इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है । जिसमे अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है । इसके अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा । किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन को चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य दिनांक 24 अगस्त से 26 अगस्त, 2025 तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा । रेल यात्रियो को कम से कम असुविधा हो इसलिए ये कार्य किए जा रहे है । रेल विकास से संबधित इस कार्य के लिए इन ट्रेनों का परिचालन अल्पकालिक बाधित रहेगा एवं इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है:-

रद्द होने वाली गाडियां- एक्सप्रेस गाडियां-

01. दिनांक 23 से 26 अगस्त, 2025 तक टाटा से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी 02. दिनांक 24 से 27 अगस्त, 2025 तक को बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 03. दिनांक 23 अगस्त, 2025 को सांतरागाछी से चलने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 04. दिनांक 25 अगस्त, 2025 को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

05. दिनांक 22 अगस्त, 2025 को हावड़ा से चलने वाली 12870 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

06. दिनांक 24 अगस्त, 2025 को मुंबई से चलने वाली 12869 मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।


## विनय शर्मा के आकस्मिक निधन पर महापौर सभापति अमर गिदवानी ने गहन शोक व्यक्त किया

वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट रायपुर के अमलीडीह निवासी विनय शर्मा के आकस्मिक निधन पर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे और नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ और नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने गहन शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर के दिव्य चरणों में दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान हेतु विनम्र प्रार्थना की है। साथ ही सर्वशक्तिमान ईश्वर से दिवंगत आत्मा के समस्त परिजनों, ईष्ट मित्रगणों, सहयोगियों को इस असीम दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने विनम्र प्रार्थना की है।

## समन्वय बनाकर कार्य करना ही बेहतर कार्यालय प्रबंधन-के के बाजपेई

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

डॉ राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में प्राचार्य डॉ.प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यालयीन प्रबंधन पर दस दिवसीय एफ.डी.पी.प्रोग्राम के अंतर्गत आज सप्तम दिवस कार्यालय प्रबंधन विषय पर के के बाजपेई, सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ का उद्बोधन हुआ ।उन्होंने कहा कि कार्यालय प्रबंधन का अर्थ है सरकारी कार्यालयों के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करना ।इसमें योजना बनाना,संगठित करना, कर्मचारियों की भर्ती करना, निर्देशन देना,नियंत्रण करना और समन्वय करना शामिल है। यह कार्यालय के भीतर उत्पादकता,दक्षता और सहयोग को बेहतर बनाने पर केंद्रित है ।लक्ष्यों को निर्धारित करना,कार्यों की पहचान करना और उन्हें पूरा करने के लिए रणनीतियों का विकास करना ।संसाधनों को व्यवस्थित करना,जैसे कि सामग्री,उपकरण और कर्मचारी, ताकि वे प्रभावी ढंग से उपयोग किए जा सुव्यवस्थित करता है,जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है ।एक सकारात्मक और सहयोगी कार्य वातावरण कर्मचारियों को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने



सकें ।कर्मचारियों को उनके कार्यों को करने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा देना ।यह सुनिश्चित करना कि काम योजना के अनुसार हो रहा है और यदि आवश्यक हो तो सुधारात्मक कार्रवाई करना ।विभिन्न विभागों और कर्मचारियों के बीच सहयोग और संचार सुनिश्चित करना ।एक अच्छी तरह से प्रबंधित कार्यालय में,कर्मचारी अधिक कुशलता से काम कर सकते हैं,जिससे उत्पादकता में वृद्धि होती है ।कार्यालय प्रबंधन प्रक्रियाओं को में मदद करता है ।प्रभावी प्रबंधन प्रणालियों से गलतियों और त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है ।कार्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी से प्रबंधकों को बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है ।एक अच्छी तरह से प्रबंधित कार्यालय में,कर्मचारी अधिक प्रेरित और कार्यालय के लक्ष्यों और उद्देश्यों के बारे में स्पष्ट समझ हो ।विषय विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके जिज्ञासाओं को शांत किया।

# शूटिंग के दौरान गिरने से बचीं : त्रिधा चौधरी

## त्रिधा 'सो लॉन्ग वैली' में कॉप के किरदार में नजर आएंगी

लोकप्रिय वेब सीरीज आश्रम में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी की फिल्म सो लॉन्ग वैली' 25 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। शूटिंग के दौरान का एक किस्सा शेयर करते हुए त्रिधा ने बताया कि वे गिरने से बची थीं। वहीं मान सिंह ने कहा कि बहुत अभाव और कम संसाधन फिल्म बनाई है। इसके पीछे पूरी यूनिट और फिल्म के कलाकारों ने बहुत सपोर्ट किया।



**सवाल-त्रिधा, आपने कई तरह के अलग-अलग चैलेंजिंग किरदार निभाए हैं। कभी टाइपकास्ट नहीं हुई, इस बार आप कॉप के किरदार में नजर आएंगी। क्या प्रोसेस था?**

**जवाब/त्रिधा चौधरी**- सबसे अच्छा प्रोसेस प्रोजेक्ट का चयन करना होता है। उसके बाद सोचती हूं कि फिल्म में जिस तरह का किरदार है। क्या उसके साथ न्याय कर पाऊंगी? इसमें हिमाचली कॉप की भूमिका निभा रही हूं। यह एक अलग तरह का किरदार है। मैंने इसे चैलेंज की तरह लिया।

**सवाल-रियल लाइफ में आप काफी अलग हैं। आपके किरदार में एक गंभीरता और ठहराव दिखाता है। वह कैसे लेकर आती हैं?**

**जवाब/त्रिधा चौधरी**- एक इंसान के जीवन में नवरस बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। यही चीज किरदार में भी होता है। बाकी फिल्म के डायरेक्टर गाइड करते हैं कि किरदार में और कैसे निखार लाना है। हालांकि पहले थोड़ी नर्वस थी, लेकिन टीम ऐसी मिली कि सब कुछ सहज हो गया।

**सवाल-मान, आपने फिल्म में एक्टिंग भी की है। किस तरह का अनुभव था?**

**जवाब/मान सिंह**- इसमें थोड़ा अड़ियल किस्म के कॉप की भूमिका निभा रहा हूं। बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है। मैंने मनाली में देखा है कि पुलिस ऑफिसर दिखने में तो बहुत क्यूट होते हैं, लेकिन क्रिमिनल से बहुत सख्ती से पेश आते हैं। मैंने उन्हें देखा, ऑब्जर्व किया और किरदार में उतारने की कोशिश की।

**सवाल-त्रिधा चौधरी को फिल्म में लेने का ख्याल कैसे आया?**

**जवाब/ मान सिंह**- इस फिल्म का कनेक्शन रियल लाइफ के बहुत करीब है। जब फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो गई तब फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर ने त्रिधा चौधरी को कास्ट करने का सुझाव दिया। मैं त्रिधा की नेचुरल एक्टिंग से बहुत इंस्पायर हूं। जब एक कॉप नेचुरल एक्टिंग करता है तो परदे पर उसका एक अलग ही फील आता है। त्रिधा ने फिल्म में अपने किरदार को जिस तरह से जीवंत किया है। मुझे लगता है कि इस किरदार के लिए उनसे बेहतर और कोई नहीं हो सकता था।

**सवाल-आज की तारीख में फिल्म बनाकर थिएटर तक पहुंचना आसान नहीं होता है। आप ने यह कैसे कर लिया?**

**जवाब/मान सिंह**- जब किसी प्रोसेस को जीना शुरू कर देते हैं तब अच्छे लोग जुड़ने लगते हैं। इस फिल्म की जर्नी भी वैसी ही है। सोचा, लिखा फिर शूटिंग की। अच्छे लोग जुड़ते गए और यह फिल्म थिएटर में रिलीज हो रही है।

**सवाल- शूटिंग के दौरान किस तरह की चुनौतियां आईं?**

**जवाब/मान सिंह**-इस फिल्म की पूरी शूटिंग मनाली के वास्तविक लोकेशन पर हुई है। उस समय माइनस सेवन तापमान था। थोड़ी बहुत मुश्किलें आईं, लेकिन सभी ने बहुत मेहनत से काम किया।

**सवाल- इस फिल्म की यूएसपी क्या है, फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद लोगों की किस तरह की प्रतिक्रियाएं मिलीं?**

**जवाब/मान सिंह**-इस फिल्म से लोग कनेक्ट हो, इस बात का हमने बहुत ख्याल रखा है। क्राइम-थ्रिलर हमारे समाज के बीच की चीज है। कैब ड्राइवर और पैसेंजर के बीच काफी हादसे सुनने को मिलते हैं। इस तरह की तमाम चीजें इस फिल्म में देखने को मिलेगी।

**सवाल- शूटिंग के दौरान की कोई यादगार क्षण जिसे आप लोग शेयर करना चाहें?**

**जवाब/त्रिधा चौधरी**-क्लाइमेक्स की शूटिंग हमने जंगल में किया था। जब हम किरदार निभाते हैं तो आस पास की चीजों पर ध्यान नहीं रहता है। मैं अचानक वहां गिरने वाली थी, लेकिन बच गई। वह सीन भी इस फिल्म का एक हिस्सा है।

**मान सिंह**-जंगल में लगातार 6 घंटे शूटिंग कर रहे थे। उस दौरान त्रिधा कुर्सी पर नहीं बैठीं। जब कलाकार अपने किरदार को जीते हैं तब उनके अंदर एक अलग तरह की एनर्जी होती है। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि किस माहौल में शूटिंग कर रहे हैं। इसमें सारे एक्शन और फाइट सीक्वेंस रियल लगेंगे।

**सवाल- मान, आपने छोटे से शहर से आकर बड़ी खूबसूरत फिल्म बनाई है। आगे का एंबीशन किया है?**

**जवाब/मान सिंह**-बस जर्नी अच्छे से चलती रहे और अच्छी फिल्में बनाते रहें। रही बात इस फिल्म की तो हमने इसे बहुत लगन और समर्पण के साथ बनाया है।

**सवाल- उतार चढ़ाव से किस तरह से पार पाते हैं?**

**जवाब/मान सिंह**- जब लगता है कि किसी दिन स्ट्रगल ज्यादा हो गया तब आराम करता हूं। अगले दिन नई ऊर्जा और सोच के साथ काम पर लग जाता हूं। मेरा मानना है कि बिना छुट्टी लिए काम पर लगे रहें, रास्ते अपने आप बनते जाएंगे।

**सवाल- आप एक्टिंग करने आए थे, डायरेक्शन कहां से सीखे?**

**जवाब/मान सिंह**- जब मैं सत्यदेव दुबे जी के मार्गदर्शन में थिएटर में परफॉर्म कर रहा था। तब मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। थिएटर में एक्टिंग के अलावा भी हर काम करना पड़ता है। अमरीश पुरी साहब एक नाटक 'डेढ़ इंच ऊपर' कर रहे थे। मैं बैक स्टेज था। उनको परफॉर्म करते देख बहुत कुछ सीखने को मिला। एक दिन अचानक एक सेट पर चला गया वहां सेकेंड यूनिट का डायरेक्टर नहीं आया था। वहां मुझे डायरेक्ट करने का पहली बार मौका मिला। मुझे ऐसा लगा कि आगे मैं डायरेक्ट कर सकता हूं। इससे पहले कुछ शॉर्ट फिल्में डायरेक्ट की थीं।

**सवाल- त्रिधा कभी आपने डायरेक्शन के बारे में सोचा है?**

**जवाब/त्रिधा चौधरी**- क्रिएटिव फील्ड में जो भी होता है उसे सबको सीखनी चाहिए। मैंने किसी से पूछा था कि कोई लेडीज सिनेमैटोग्राफर क्यों नहीं होती है? इसके बहुत सारे कारण हो सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि मैं सिनेमैटोग्राफर बनना चाहती हूं। रही बात डायरेक्शन का तो अगर मौका मिले तो मजा आ जाए, लेकिन जरूरी नहीं कि वह फिल्म ही हो।

# बॉक्स ऑफिस की धुरंधर बनी सैयारा

## अहान पांडे की फिल्म ने तोड़ डाले 2025 की इन फिल्मों का गुरूर

फिल्म निर्माता मोहित सूरी ने थिएटर्स में धमाल मचा दिया। अपनी फिल्म सैयारा से वह हर जगह छाए हुए हैं। आशिकी 2 के बाद मोहित सूरी फिर से दिलों के डायरेक्टर बन गए हैं उन्होंने अहान पांडे और अनीत पड्डा को इंडस्ट्री में एंट्री दिलाई। जो धमाकेदार साबित हुई। फिल्म को रिलीज हुए 5 दिन हो गए हैं और यह रोजाना ताबड़तोड़ कमाई की तरफ बढ़ती जा रही है। देखा जाए तो कोई भी हिन्दी फिल्म वीक डेज पर कम कमाई करती है, लेकिन सैयारा ने इसे उल्टा कर दिखाया फिल्म ने मंगलवार को धमाकेदार कमाई की। सोमवार के मुकाबले मंगलवार को सैयारा की कमाई में बढ़ोतरी हुई। आइए बताते हैं सैयारा की कमाई ।

**इन फिल्मों को पछाड़ा :** सैयारा ने सलमान खान की सिकंदर को पीछे छोड़ने का काम किया है। बात करें सिकंदर की 5 वें दिन की कमाई की तो उसने केवल 6 करोड़ कमाए थे। इसी के साथ अक्षय कुमार की स्काई फोर्स जैसी बिग बजट मूवी भी सैयारा की आंधी में उड़ गई। फिल्म ने रेड 2 के पाँच दिन के कलेक्शन को भी पछाड़ दिया है।




### सैयारा की पांचवें दिन 25 करोड़ की कमाई

फिल्म ने जहां सोमवार को 24 करोड़ कमाए थे वहीं मंगलवार को सैयारा ने 25 करोड़ का कलेक्शन किया। जिसके बाद फिल्म का टोटल कलेक्शन 132.25 करोड़ हो गया है। फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो यह 150 करोड़ से पार हो गया है। फिल्म की कमाई देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म इस हफ्ते 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी।

# शाहिद कपूर की ये बड़ी फिल्म हुई बंद, निर्देशक अमित राय ने बॉलीवुड को ठहराया कसूरवार

शाहिद कपूर पिछली बार फिल्म देवा में दिखे थे। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तो कोई कमाल नहीं दिखाया, लेकिन शाहिद के रौबदार अवतार और डांस ने प्रशंसकों का खूब ध्यान खींचा। एक ओर जहां शाहिद निर्देशक फिल्म अर्जुन उस्तारा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, वहीं उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। अब खबर है कि छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही शाहिद अभिनीत बायोपिक फिल्म बंद हो गई है।

**इंडस्ट्री के क्रूर रवैये पर उठाए सवाल :** मिड डे से निर्देशक अमित राय बोले, यह व्यवस्था बहुत क्रूर है। आपके लिए यहां 180 करोड़ी फिल्म के साथ अपनी काबिलियत साबित करना भी काफी नहीं है। कास्टिंग, प्रोडक्शन, स्टार और मैनेजमेंट की इस व्यवस्था में एक निर्देशक कैसे काम करेगा? आप 5 साल तक एक कहानी के साथ जीते हैं और कुछ ही मिनटों में कोई 5 पेज की एक किताब लिखकर आपको थमा देता है कि फिल्म में क्या गलत है और क्या सही।





**मराठा योद्धा की भूमिका निभाने वाले थे शाहिद :** साल 2024 में अमित राय ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म बनाने की अपनी दिली इच्छा जाहिर की थी और सबकुछ लगभग तय था। शाहिद को इस मराठा योद्धा की भूमिका निभाने के लिए चुना गया था, लेकिन महज 1 साल बाद ही चीजें बदल गईं। अमित ने बताया कि वह बॉलीवुड की क्रूर व्यवस्था के शिकार हुए हैं और यही वजह है कि उनकी इस फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

**निर्देशक को मिला ये सबक :** इस अनुभव ने निर्देशक को एहसास दिलाया कि निर्माता बनना ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है, इसलिए अपनी अगली फिल्म धर्मा के लिए अमित ने किसी और पर नहीं, बल्कि खुद पर और इस सामाजिक नाटक को कहने की अपनी चाहत पर भरोसा किया। अमित को इसके लिए हंगरी के सिनेमैटोग्राफर माटे हर्बा व लोकप्रिय एक्शन और मोशन-कैप्चर विशेषज्ञ इसाक हैमोन का खास समर्थन मिला। अमित ने आगे बताया कि उनकी अगली फिल्म से पंकज त्रिपाठी जुड़े हैं।

**बॉलीवुड में उदार कलाकार मिल पाना दुर्लभ है :** बातचीत में अमित आगे कहते हैं, मेरी फिल्म ओह माय गॉड 2 का हिस्सा रहे पंकज त्रिपाठी मेरे अगले प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। अक्षय कुमार ने भी फिल्म की कहानी में बड़ी दिलचस्पी दिखाई थी। उन्होंने पूछा था कि मैंने उन्हें इस फिल्म का प्रस्ताव क्यों नहीं दिया। अमित ने बताया कि ये दोनों ही कलाकार बेहद उदार हैं, जो बॉलीवुड में मिलने बहुत दुर्लभ हैं। यहां किसी फिल्म में सितारों को लेना बड़ा मुश्किल है। साल 2010 में आई रोड टू संगम जैसी बेहतरीन फिल्म बनाने के बावजूद अमित को 13 वर्षों तक किसी ने काम नहीं दिया था। जब उन्होंने ओह माय गॉड 2 की कहानी लिखी तो इस पर कोई भी प्रोडक्शन हाउस फिल्म बनाने को राजी नहीं हुआ था।

# रोते-बिलखते तनुश्री दत्ता ने लगाई मदद की गुहार

## कहा- मुझे मेरे ही घर में हैरेस किया जा रहा है, कोई मदद करो, इससे पहले देर हो जाए

तनुश्री दत्ता ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट कर रोते हुए मदद की गुहार लगाई है। एक्ट्रेस ने कहा है कि उन्हें पिछले 4-5 सालों से हैरेस किया जा रहा है। एक्ट्रेस ने मंगलवार को परेशान होकर पुलिस बुलाई थी, लेकिन उनसे कहा गया कि वो शिकायत लिखवाने के लिए पुलिस स्टेशन आएं। एक्ट्रेस ने कहा है कि देर होने से पहले उनकी मदद की जाए। तनुश्री दत्ता ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो रोती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में उन्होंने कहा, दोस्तों मुझे मेरे ही घर में हैरेस किया जा रहा है। मैंने अभी पुलिस को कॉल किया है। परेशान होकर मैंने पुलिस को कॉल किया पुलिस आई। उन्होंने मुझे पुलिस स्टेशन आकर शिकायत करने को कहा है। मैं कल या परसों शिकायत करूंगी। मैं ठीक नहीं हूं। मुझे इतना परेशान किया गया है चार-पांच सालों में कि मेरी तबीयत खराब हो गई है। मैं कोई काम नहीं कर पा रही हूं, मेरा घर बिखरा पड़ा हुआ है। मैं घर में नौकरानी नहीं रख पा रही हूं। नौकरानी के साथ मेरा बुरा एक्सपीरियंस रहा है। वो घर आकर चोरी करती हैं। मुझे पूरा काम करना पड़ रहा है। मेरे दरवाजे के बाहर आकर लोग (इतना कहते ही तनुश्री रो पड़ती हैं)। आगे उन्होंने कहा, मुझे मेरे घर में परेशान किया जा रहा है, प्लीज कोई मेरी मदद करो। वीडियो के साथ तनुश्री दत्ता ने लिखा है, मैं इस हैरेसमेंट से तंग आ चुकी हूं। ये 2018 से चल रहा है। हैश टैग मीटू। आज तंग आकर पुलिस को कॉल किया। प्लीज कोई मदद करो। कुछ करो इससे पहले देर हो जाए। इस पोस्ट के अलावा भी तनुश्री ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें किसी मशीन के चलने की आवाजें आ रही हैं। इस वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा है, मैंने भी 2020 से लगभग हर दिन अजीब समय पर अपनी छत के ऊपर और अपने दरवाजे के बाहर इस तरह की तेज आवाजों और अन्य बहुत तेज धमाकेदार आवाजों का सामना किया है। मैं बिल्डिंग प्रबंधन से शिकायत करते-करते थक गई हूं और कुछ साल पहले हार मान ली है। अब मैं बस इसके साथ रहती हूं और अपने मन को विचलित करने और अपनी समझदारी बनाए रखने के लिए हिंदू मंत्रों वाले हेडफोन लगाती हूं।

आज मैं बहुत अस्वस्थ थी, जैसा कि आप लोग जानते हैं कि पिछले 5 सालों से लगातार तनाव और चिंता से निपटने के कारण मुझे क्रोनिक फटीग (थकान) सिंड्रोम हो गया है। सोचिए, कल मैंने पोस्ट किया था और आज यह। अब समझ जाओ सब लोग कि मैं किससे निपट रही हूं। और भी बहुत कुछ है जो एफआईआर में मेंशन करूंगी। वीडियो देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि तनुश्री दत्ता अपने पड़ोसियों और उनके घरों से आने वाले शोर से परेशान हैं। बताते चलें कि आखिरी बार तनुश्री 2018 में तब सुर्खियों में आईं जब उन्होंने नाना पाटेकर पर मीटू के आरोप लगाए। इस मामले में कोर्ट ने नाना पाटेकर के पक्ष में फैसला सुनाया था।



# उस्ताद भगत सिंह में राशी खन्ना शामिल

पवन कल्याण अभिनीत और हरीश शंकर निर्देशित उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग हैदराबाद में सुचारू रूप से चल रही है। अभिनेता के व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रम के बावजूद, फिल्म का निर्माण कार्य पटरी पर है, जबकि प्रशंसक 24 जुलाई को हरि हर वीरा मल्लू की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि अभिनेत्री राशी खन्ना कलाकारों में शामिल हो गई हैं। घोषणा के साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया पर उनका पहला पोस्टर भी जारी किया। तस्वीर में, राशी खुशमिजाज और कैमरा पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं, जिससे संकेत मिलता है कि वह श्लोका नाम के एक कलात्मक और जीवंत किरदार को निभा सकती हैं। वह श्रीलीला के साथ जुड़ रही हैं, जो पहले से ही फिल्म के हालिया शूटिंग शेड्यूल का हिस्सा हैं। राशि वर्तमान में चल रहे शेड्यूल में अपने हिस्से की शूटिंग कर रही हैं, जिसके आने वाले हफ्तों में समाप्त होने की उम्मीद है।

### रंग की वजह से वाणी कपूर को नहीं मिली फिल्म

# एक्ट्रेस ने बताया- फिल्ममेकर को चाहिए थी मिल्की वाइट लड़की, बॉडी शेमिंग भी झेल चुकी हैं

एक्ट्रेस वाणी कपूर इस वक्त अपनी फिल्म 'मंडला मर्डर्स' की वजहों से सुर्खियों में हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में वाणी ने इंडस्ट्री से जुड़े अपने संघर्षों पर बात की है। उन्होंने बताया कि बाहरी लोगों के लिए इंडस्ट्री में एंट्री मिलना बहुत मुश्किल है। खासकर उन महिलाओं को जो इंडस्ट्री की खूबसूरती के पैमाने पर फिट नहीं बैठती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें बहुत पतली होने के कारण बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। वाणी याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था क्योंकि वो गोरी नहीं थीं। हालांकि ये बात सीधे उनसे नहीं कही गई थी। उनके कुछ करीबी लोगों से पता चला कि उस फिल्म के मेकर को लगा कि वो रोल के लिए परफेक्ट नहीं हैं। वो कहती हैं- एक बार एक फिल्ममेकर ने कहा था कि वो इतनी गोरी नहीं हूं कि उस कोई रोल मिल सके। मुझे मिल्की वाइट एक्ट्रेस चाहिए। मैंने भी कहा अगर ये पैरामीटर है तो मुझे भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनना। आप अपने लिए मिल्की वाइट एक्ट्रेस ढूंढिए मैं अपने लिए कोई बेहतर फिल्ममेकर ढूंढ लूंगी। वाणी ने इसी इंटरव्यू में बॉडी शेमिंग का भी जिक्र किया और बताया कि उन्हें अक्सर कहा जाता है कि वह बहुत पतली हैं और उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए। वो कहती हैं- मैं कभी-कभी सुनती हूं कि मैं बहुत दुबली-पतली हूं और मुझे थोड़ा वजन बढ़ाना चाहिए क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं पसंद आती हैं। लेकिन मुझे मैं पसंद हूं। मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदलना चाहती। मैं फिट और हेल्दी हूं। मैं आमतौर पर इन बातों से परेशान नहीं होती। कभी-कभी, मुझे समझ नहीं आता कि ये कमेंट कंसर्न की वजह से आ रही हैं या अच्छी सलाह की तरह। लेकिन मुझे लगता है कि मैं ठीक हूं और मैं जो हूं, वह पसंद है। वाणी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो क्राइम थ्रिलर फिल्म मंडला मर्डर्स में एक तेज-तर्रार जांच अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। ये फिल्म 25 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसके अलावा हाल ही में वो अजय देवगन के अपोजिट रेड-2 में नजर आई थीं।



# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से दूसरा टी-20 जीता

## इंग्लिस-ग्रीन की नाबाद 131 रन की साझेदारी, आखिरी इंटरनेशनल मैच में रसेल ने 36 रन बनाए

नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया ने जमैका के सबीना पार्क में खेले गए दूसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। यह जीत ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन का नतीजा थी, जिसमें जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन की नाबाद साझेदारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 173 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर बना लिए।





### ब्रैंडन किंग-शाई होप ने टीम को अच्छी शुरुआत

टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को ओपनर ब्रैंडन किंग और शाई होप ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। किंग ने 36 गेंदों का सामना कर 51 रन बनाए। किंग के आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज 40 से ऊपर रन ही बना पाया। अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंदों पर 36 रन बना कर टीम का स्कोर 172 तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया।

**एडम जम्पा ने लिए 3 विकेट :** ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। इनके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और नाथन एलिस ने 2-2 विकेट लिए।

**13 रन पर ही गिर गया था ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट :** 173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसका पहला विकेट 13 रन पर गिर गया। ओपनर ग्लेन मैक्सवेल ने 10 गेंदों का सामना कर 12 रन बनाए। कप्तान मिचेल मार्श भी 42 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 17 गेंदों पर 21 रन बनाए।

**इंग्लिस और कैमरन ग्रीन की हाफ सेंचुरी :** तीसरे विकेट के लिए जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने 59 गेंदों पर नाबाद 131 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इंग्लिस ने 33 गेंदों पर 78 रन और कैमरन ग्रीन ने 32 गेंदों पर 56 रन बनाए। जोश इंग्लिस प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। उन्होंने अपनी पारी 7 चौके और 5 सिक्स जड़े।



# एनसीएसएसआर की पहली बैठक में मजबूत नैतिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया

नई दिल्ली।

भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित एसएआई मुख्यालय में अपनी संस्थागत नैतिक समिति (आईईसी) की पहली बैठक आयोजित की। साई मीडिया की ओर से बुधवार को बताया गया कि वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक प्रोफेसर और सामुदायिक चिकित्सा के पूर्व प्रमुख प्रोफेसर जुगल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रमुख संस्थानों और सरकारी निकायों के प्रतिष्ठित समिति सदस्य शामिल हुए। चर्चाएं अनुसंधान अनुमोदनों के लिए नैतिक प्रोटोकॉल के मानकीकरण, प्रतिभागियों के कल्याण की सुरक्षा और एनसीएसएसआर की सभी अनुसंधान पहलों में वैज्ञानिक अखंडता सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहीं। साई सचिव विष्णु कांत तिवारी ने कहा कि आईईसी की स्थापना खेल विज्ञान अनुसंधान में नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह समिति एनसीएसएसआर के तहत सभी वैज्ञानिक प्रयासों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सदस्य सचिव के रूप में कार्यरत एनसीएसएसआर के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) बिभु कल्याण नायक ने केंद्र द्वारा विभिन्न अंत: विषय अनुसंधान परियोजनाओं पर काम शुरू करने के दौरान मजबूत नैतिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल खेल विज्ञान को आगे बढ़ाना नहीं है, बल्कि इसे ज़िम्मेदारी और नैतिक रूप से आगे बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा, इस पहली बैठक में हुए विचार-विमर्श भविष्य के सभी कार्यों के लिए आधारशिला का काम करेंगे।

सत्र के दौरान समिति ने शोध परियोजना प्रस्तुत करने, मूल्यांकन और निगरानी की प्रक्रियाओं की समीक्षा की। साथ ही एथलीटों और मानव विषयों से संबंधित अध्ययनों पर भी चर्चा की। प्रमुख चिंताओं में सूचित सहमति, डेटा सुरक्षा और एथलीटों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन पर शोध का दीर्घकालिक प्रभाव शामिल थे। प्रोफेसर जुगल किशोर ने कहा, मानव विषयों से जुड़े शोध में, खासकर खेल विज्ञान में जहां शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दोनों कारक भूमिका निभाते हैं, नैतिक जांच अनिवार्य है। उन्होंने आगे कहा, एक नैतिक समिति के रूप में हमारी भूमिका शोध में बाधा डालना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह शोध गरिमा, सावधानी और जवाबदेही के साथ किया जाए। बैठक का समापन इस साझा संकल्प के साथ हुआ कि अनुसंधान के हर चरण में योजना और अनुमोदन से लेकर कार्यान्वयन और प्रकाशन तक नैतिक चिंतन को एकीकृत किया जाएगा।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना ओपन में जीती

## सिंधु ने टोमोका मियाजाकी को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

नई दिल्ली।

चांगझोउ में खेले जा रहे चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी और पीवी सिंधु ने जीत के साथ शुरुआत की। रेड्डी और शेट्टी की जोड़ी ने जापान के हिरोकी ओकामुरा और केन्या मित्सुहाशी की जोड़ी को सीधे गेम में 21-13-21-9 से हराया। यह मैच 31 मिनट तक चला।



### सिंधु ने जापानी खिलाड़ी को हराया

पीवी सिंधु ने सिंगल्स में शानदार शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21 और 21-17 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सिंधु दूसरे गेम में 8-21 से हार गईं। हालांकि, निर्णायक तीसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। इससे पहले सिंधु जापान ओपन में पहले ही राउंड में बाहर हो गईं थी। इस साल सिंधु 5 टूर्नामेंट में पहले दौर और तीन टूर्नामेंट में दूसरे दौर में बाहर हुई हैं।

### रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सफर समाप्त

विमेंस डबल्स में भारत की रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों को हॉन्गकॉन्ग की अनुभवी जोड़ी से 12-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा और उनका सफर समाप्त हो गया।

### प्रणय चाउ टीएन-चेन प्री क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे

एचएस प्रणय ने पहले ही राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 8-21, 21-16, 23-21 से हराकर प्री- क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहला गेम 8-21 से गंवाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और इसे 21-16 से जीता। तीसरे और निर्णायक गेम में वे 1-7 और फिर 15-20 से पीछे थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर 20-20 पर बराबर किया और अंत में 23-21 से गेम और मैच अपने नाम किया।

### लक्ष्य सेन पहले राउंड में बाहर

लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। लक्ष्य पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद लगातार दो गेमों में 22-24 और 11-21 से हारे।

### अनुपमा उपाध्याय को मिली हार

विमेंस सिंगल्स में भारत की अनुपमा उपाध्याय को चीनी खिलाड़ी लिन हिसयांग-ति के खिलाफ 23-21, 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। अनुपमा पहले गेम में कड़ी टक्कर देने में सफल रहीं, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने उन्हें आसानी से हरा दिया।

### मिक्स्ड डबल्स में पहले ही दौर में बाहर

मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर-रुत्विका गद्दे और अशिथ सूर्य-अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले ही राउंड में बाहर हो गए हैं।

# यूएस ओलंपिक और पैरालंपिक समिति ने ट्रांसजेंडर महिलाओं के महिला खेलों में भाग लेने पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया है। यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में जारी किए गए कार्यकारी आदेश के अनुरूप लिया गया है।

यूएसओपीसी ने अपनी एथलीट सुरक्षा नीति में किए गए संशोधन में कहा, यूएसओपीसी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी), अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) और राष्ट्रीय खेल महासंघों जैसे संबंधित निकायों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि महिलाओं को निष्पक्ष और सुरक्षित प्रतिस्पर्धा का माहौल मिले, जो कार्यकारी आदेश और टेड स्टीवंस ओलंपिक एवं शौकिया खेल अधिनियम के अनुरूप हो।

# पाकिस्तान ने महिला टी-20 सीरीज के लिए टीम का किया ऐलान फातिमा सना को बनाया कप्तान



नई दिल्ली।

पाकिस्तान ने अगले महीने आयरलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की महिला टी-20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की बागडोर फातिमा सना के हाथों में होगी, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज इमान फातिमा को भी टीम में शामिल किया गया है। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज 6 से 10 अगस्त तक डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेली जाएगी। फातिमा ने इस साल मई में कराची में आयोजित राष्ट्रीय महिला टी20 टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन के दम पर चयन हासिल किया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 8 मैचों में 155.14 के स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए थे। दाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2023 में होने वाले पहले आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करेंगी। टीम में अनुभवी और उभरती हुई प्रतिभाओं का मिश्रण है, जिसमें मुनीबा अली, आलिया रियाज़ और डायना बेग जैसे नाम टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। बाएं हाथ की स्पिनर नशरा सुंधू और लेग स्पिनर तुबा हसन से स्पिन की जिम्मेदारी निभाने की उम्मीद है, जबकि वहीदा अख्तर और सादिया इकबाल जैसी तेज़ गेंदबाज़ी गेंदबाजी इकाई में गहराई लाएँगी। पीसीबी ने कहा कि टीम का चयन महिला कौशल शिविर में भाग लेने वाली 24 खिलाड़ियों में से किया गया है, जिसका समापन 27 जुलाई को कराची में होगा। कौशल शिविर के समापन पर, 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय सीरीज में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज़ शिविर में भाग लेगी। इन दोनों टीमों के बीच आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज 2022 में हुई थी, जब आयरलैंड ने पाकिस्तान का दौरा किया था और 2-1 से सीरीज में यादगार जीत हासिल की थी।

# डीसी ओपन : टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनीं विनस विलियम्स

वॉशिंगटन।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विनस विलियम्स ने एक बार फिर से अपना जादू दिखाते हुए डीसी ओपन में मंगलवार रात अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टीयर्न्स को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ 45 वर्षीय विनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले यह उपलब्धि टेनिस की महान खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा ने 2004 में 47 साल की उम्र में हासिल की थी। विनस के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही। यह उनका लगभग दो वर्षों में पहला सिंगल्स मैच जीतना है। उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2023 में सिनसिनाटी में सिंगल्स मैच जीता था और मार्च 2024 के बाद से किसी आधिकारिक सिंगल्स मैच में नहीं खेली थीं। इस दौरान वह गर्भाशय फाइब्रॉइड की सर्जरी के कारण टेनिस से दूर थीं और डब्ल्यूटीए द्वारा निष्क्रिय घोषित की गई थीं।

# इंग्लैंड में केएल राहुल के 1000 टेस्ट रन पूरे सचिन तेंदुलकर-विराट कोहली के क्लब में शामिल हुए

मैनचेस्टर।

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 15 रन बनाते ही उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हुए टेस्ट मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली।



**पांचवें भारतीय बने केएल राहुल :** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 15 रन बनाते ही उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए जिसने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (1575 रन), राहुल द्रविड़ (1376 रन), सुनील गावस्कर (1152 रन) और विराट कोहली (1096 रन) ने यह कारनामा किया।

**केएल ने की गावस्कर की बराबरी :** इसके अलावा केएल राहुल चौथे भारतीय ओपनर बल्लेबाज बन गए जिसने विदेश में 100 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली। पूर्व बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज में 1404 रन, इंग्लैंड में 1152 रन और पाकिस्तान में 1001 रन बनाए। वहीं, केएल राहुल ने इंग्लैंड में बतौर ओपनर 1000 रन पूरे कर लिए।

### तीन बदलावों के साथ उतरा भारत

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बताया कि लियाम डॉसन की वापसी हुई है। उन्हें शोएब बशीर की जगह शामिल किया गया है। वहीं, भारत इस मुकाबले में तीन बदलावों के साथ उतरा है। करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को मौका मिला है। अंशुल कंबोज को आकाश दीप की जगह टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला है। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर की नीतीश रेड्डी की जगह टीम में वापसी हुई है।

# भारतीय विमेंस टीम ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को हराया

## सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया, हरमनप्रीत का शतक, क्रांति गौड़ को 6 विकेट

नई दिल्ली।

भारतीय विमेंस टीम ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को 13 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली। हरमनप्रीत कौर की शानदार 84 गेंदों में 102 रनों की पारी खेली। क्रांति गौड़ ने 6 विकेट झटके। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम सभी विकेट खोकर 49.5 ओवर में 305 रन ही बना सकी। यह इंग्लैंड का भारत और श्रीलंका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले आखिरी वनडे मैच था।

**भारत को प्रतीका-स्मृति ने दी अच्छी शुरुआत :** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को ओपनर प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 73 गेंदों पर 64 रन की साझेदारी की। रावल ने 33 गेंदों पर 26 रन बनाए। स्मृति ने 54 गेंदों पर 45 रन बनाए। उन्होंने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंदों पर 17 रन की साझेदारी की। देओल ने भी 65 गेंदों पर 45 रन बनाए।

**हरमनप्रीत कौर के वनडे में 4000 रन पूरे :** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बेहतर ओपनिंग का फायदा उठाते हुए 102 रन की पारी खेली। वह 4000 वनडे रन पूरे करने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 13 पारियों के बाद पहली बार अर्धशतक जड़ा और फिर 84 गेंदों में सातवीं वनडे सेंचुरी पूरी की। वहीं, हरमनप्रीत को 22 रन पर एक जीवनदान भी मिला, जब लॉरेन फाइलर की गेंद पर इंग्लैंड ने रिव्यू नहीं लिया, जबकि रीप्ले में वह आउट दिख रही थीं। अंत में, हरमनप्रीत ने ड्राइव खेलते हुए नैट सिवर-ब्रंट को कैच दे दिया। हरमप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी की। रोड्रिक्स ने 45 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। इनके अलावा ऋचा घोष ने 18 गेंदों में नाबाद 38 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत ने आखिरी 10 ओवरों में 120 रन जोड़कर 318 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।




**सोफी ने दिए सिर्फ 28 रन :** इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने 10 ओवर में 1/28 के साथ सबसे किफायती गेंदबाजी की। जबकि लॉरेन बेल ने 82, लॉरेन फिलर ने 64, चार्ली डीन ने 69 रन और लिन्से स्मिथ ने 74 रन दिए। सभी को 1-1 विकेट मिले।

**क्रांति गौड़ की घातक गेंदबाजी :** 319 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ के सामने विवश नजर आई। 21 साल की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने अपने पांचवें वनडे में 6/52 की शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने इंग्लैंड की सलामी जोड़ी को सस्ते में पवेलियन भेजा। टैमी ब्यूमॉन्ट को उन्होंने शानदार इनस्विंगर पर बोल्ड किया, जबकि एमी जोन्स को दीप्ति शर्मा ने शॉर्ट थर्ड पर शानदार एक हाथ से कैच लेकर आउट किया। इंग्लैंड पावरप्ले के अंत में 22/2 पर सिमट गया था।

**नैट-एमा के बीच 162 रन की साझेदारी :** नैट सिवर-ब्रंट (98) और एमा लैम्ब (68) ने तीसरे विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को वापसी दिलाई। लेकिन 31वें ओवर में श्री चारानी ने लैम्ब को स्वीप शॉट पर बोल्ड कर भारत को फिर से खेल में ला दिया। दीप्ति शर्मा ने सिवर-ब्रंट को 98 पर विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच आउट करवाया, जिन्होंने छक्के की मांग की और अल्ट्राएज ने ग्लव्स से गेंद के संपर्क की पुष्टि की। इसके बाद सोफिया डंकली रन-आउट हुईं, और क्रांति ने लगातार दो गेंदों पर एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स और लॉरेन फाइलर को आउट कर अपने पांच विकेट पूरे किए।

### गुरुग्राम में टेनिस प्लेयर की हत्या में खुलासा

# पिता चौथी गोली न मारता तो बच जाती राधिका यादव, दिल पर गोली लगी तो जान गई

गुरुग्राम।

हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में नया खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक आरोपी पिता दीपक यादव किसी भी सूरत में राधिका को जिंदा नहीं छोड़ना चाहता था। यही वजह है कि 3 गोलियों के बाद भी राधिका की मौत नहीं हुई तो चौथी गोली उसने सीधे दिल पर चलाई। अगर आरोपी पिता 3 गोलियों के बाद भी रुक जाता तो राधिका यादव की जान बच सकती थी। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों के इस दावे को गन शॉट एक्सपर्ट डॉक्टर ने भी सही ठहराया है। राधिका यादव की 10 जुलाई को गुरुग्राम के वजीराबाद में पिता ने ही गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने 5 गोलियां चलाई थीं, जिनमें से 4 टेनिस प्लेयर को लगी थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और अब वह जेल में है। पिता का कहना था कि लोग उसे ताने मारते थे कि वह बेटी की कमाई पर पल रहा है। उसने बेटी को टेनिस एकेडमी बंद करने को कहा था लेकिन वह नहीं मानी।

**3 गोलियों के बाद भी कैसे बच जाती राधिका :** इस बारे में पोस्टमॉर्टम टीम में शामिल एक डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दीपक ने पीछे से बेटी राधिका पर .32 बोर के रिवॉल्वर से गोलियां चलाईं। पहली और दूसरी गोली उसकी रीढ़ की हड्डी से जाकर लगीं। हालांकि उनसे राधिका के शरीर को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा। इसके बाद पिता ने तीसरी गोली चलाई, जो की कंधे के नीचे राधिका की आंत पर जाकर लगी। पुलिस पूछताछ में सामने आए तथ्यों के मुताबिक इस दौरान राधिका खड़ी रही और उसने हाथ उठाकर पिता के रिवॉल्वर को दूसरी तरफ करने की कोशिश की। अगर पिता यहीं रुक जाता और फायरिंग नहीं करता तो तीनों गोलियां लगने के बावजूद राधिका को वक्त पर इलाज देकर बचाया जा सकता है।

# भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने आज (23 जुलाई, 2025) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुलाकात की।

भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति महोदया ने कहा कि तीव्र प्रौद्योगिकी संबंधी परिवर्तन के इस दौर में डिजिटल समाधानों का एकीकरण एक आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति से अवगत रहना और उन्हें अपने कामकाज में लागू करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह इमेजरी और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं हैं, वे शासन का





हिस्सा बन रहे हैं। श्री मती मुर्मु ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे बुनियादी ढांचा विकास में हरित प्रथाओं को अपनाएं, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाएं, अपव्यय को कम करें और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करें।

सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृवकर्ताओं के रूप में युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण करने की, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा बुनियादी ढांचे के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एमईएस 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी सामग्री और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति महोदया ने कहा कि जल संसाधनों का सतत विकास और जल का कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और विकास की कुंजी है, विशेष रूप से बदलते जलवायु रूझानों के मद्देनजर। स्वच्छ पानी उपलब्ध कराकर और जल संरक्षण को बढ़ावा देकर हमारा देश सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है, कृषि उत्पादकता को बढ़ा सकता है और प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अभियांत्रिकी समाधान प्रदान करके जल संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास में केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों का योगदान देश को प्राकृतिक मानव-निर्मित जल संकटों के प्रति अधिक समायोजन-योग्य बनाएगा।

# लोक सभा अध्यक्ष ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खरगे; राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; संसद सदस्य; पूर्व सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी. मोदी ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

लोकमान्य के नाम से प्रसिद्ध श्री बाल गंगाधर तिलक प्रखर राष्ट्रवादी, दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आमजन में राजनीतिक चेतना जागृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई । वह स्वराज के प्रबल समर्थक थे और उनके प्रेरक आह्वान—"स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूँगा!"—ने देशवासियों को औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्र के प्रति लोकमान्य तिलक के असाधारण योगदान के सम्मान में संविधान सदन (तत्कालीन संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र का अनावरण 28 जुलाई 1956 को तत्कालीन प्रधान मंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा किया गया था।

इससे पहले, लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने X पर दिए गए संदेश में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में लोकमान्य तिलक की महत्वपूर्ण भूमिका और जनसेवा की उनकी विरासत का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, 'उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, निर्भीकता और वैचारिक दृढ़ता की अनुपम मिसाल है।'

# केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सीसीआरएएस-प्रयत्न - वैज्ञानिक लेखन कार्यशाला के दूसरे संस्करण की घोषणा की

- **सीसीआरएएस-प्रयत्न युवा आयुर्वेद शोधकर्ताओं को वैश्विक प्रभाव के लिए मजबूत वैज्ञानिक लेखन क्षमताओं के साथ सशक्त बनाता है: डीजी सीसीआरएएस**
- **व्यावहारिक कार्यशालाएं आयुर्वेद पीजी और पीएचडी पोस्ट-डॉक्टरल विद्वानों को वैश्विक जर्नल प्रकाशनों के लिए वैज्ञानिक लेखन कौशल से सुसज्जित करेंगी**
- **प्रयत्न कार्यशाला 2025-26: सीसीआरएएस ने आयुर्वेद संस्थानों से 15 अगस्त तक अभिरुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की**

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय के केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) ने अपनी प्रमुख पहल, सीसीआरएएस-प्रयत्न - वैज्ञानिक लेखन कार्यशाला के दूसरे संस्करण की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य आयुर्वेद स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टरेट विद्वानों को वैज्ञानिक लेखन, पांडुलिपि विकास और शोध प्रकाशन में महत्वपूर्ण कौशल से सुसज्जित करना है।

सीसीआरएएस के महानिदेशक प्रो. रविनारायण आचार्य ने इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए युवा आयुर्वेद शोधकर्ताओं को सशक्त वैज्ञानिक लेखन क्षमताओं के साथ सशक्त बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, 'सीसीआरएएस-प्रयत्न पहल, उच्च-गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक प्रकाशन के लिए आवश्यक कौशल से युवा विद्वानों को सशक्त बनाकर आयुर्वेद में एक मज़बूत शोध संस्कृति को पोषित करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। व्यावहारिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित मार्गदर्शन के माध्यम से, प्रयत्न स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट के विद्वानों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अपने शोध को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए सक्षम बना रहा है। पहले सत्र के उत्साहजनक परिणाम इस युक्ति के महत्व की पुष्टि करते हैं और हमें विश्वास है कि आगामी कार्यशालाएं विश्व भर में आयुर्वेद अनुसंधान की उपस्थिति और प्रभाव को और बढ़ाएंगी।'

अगस्त 2024 में शुरू की गई प्रयत्न कार्यशाला श्रृंखला, अकादमिक अनुसंधान और वैश्विक प्रकाशन मानकों के बीच की खाई को पाटकर आयुर्वेद में अनुसंधान इको-सिस्टम को मज़बूत करने का एक अग्रणी प्रयास है। यह पहल विशेषज्ञ मार्गदर्शन, व्यावहारिक प्रशिक्षण और समकक्ष-समीक्षित प्रतिक्रिया का मिश्रण है ताकि युवा आयुर्वेद विद्वान अपने शोध-कार्य को उच्च-गुणवत्ता वाले, प्रकाशन योग्य लेखों में रूपांतरित कर सकें।

कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों में वैज्ञानिक लेखन दक्षताओं का निर्माण, अनुसंधान की दृश्यता में वृद्धि तथा प्रकाशन की तत्परता में सुधार करना शामिल है, जो अंततः आयुर्वेद में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त साक्ष्य आधार में योगदान देगा।

श्री बीएमके केएलई आयुर्वेद कॉलेज, बेलगावी में आयोजित उद्घाटन कार्यशाला की असीम सफलता के बाद, जहां कई पांडुलिपियां विकसित की गईं और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रस्तुत की गईं, 2025-26 के लिए दूसरा संस्करण राष्ट्रीय अभिरुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक बहु-स्तरीय संरचना का पालन करेगा, जिसमें संवेदीकरण वेबिनार, लेख समीक्षा और एक आवासीय पांडुलिपि विकास कार्यशाला शामिल है, जिससे गहन जुड़ाव और परिणाम-आधारित शिक्षण सुनिश्चित होगा। इच्छुक आयुर्वेद संस्थान 15 अगस्त, 2025 तक ccrasprayatna@gmail.com पर अभिरुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत करके आगामी प्रयत्न कार्यशाला के आयोजन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद को आगे बढ़ाने में अग्रणी परिषद के रूप में सीसीआरएएस ने कई प्रभावशाली पहलों के माध्यम से अनुसंधान और शैक्षणिक क्षमता को सुदृढ़ करना जारी रखा है। इसकी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं जर्नल ऑफ रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज (जेआरएएस), जर्नल ऑफ ड्रग रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज (जेडीआरएएस) और जर्नल ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज (जेआईएमएच) ने आयुर्वेद छात्रवृत्ति की वैश्विक उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि की है। एक समृद्ध अनुसंधान संस्कृति को पोषित करने के लिए, परिषद अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, एआरएमएस के अतिरिक्त स्पार्क (पूर्व स्नातक छात्रों के लिए), पीजी-स्टार (स्नातकोत्तर के लिए), अग्नि (चिकित्सकों के लिए), और स्मार्ट (शिक्षकों के लिए) जैसे संरचित कार्यक्रम भी चलाती है। वैज्ञानिक लेखन कार्यशालाएं - जिनमें प्रयत्न श्रृंखला भी शामिल है – इस इको-सिस्टम का एक महत्वपूर्ण घटक हैं, जो पांडुलिपि की गुणवत्ता में सुधार और प्रकाशन परिणामों को बढ़ावा देने के लिए नैदानिक, औषधि और साहित्यिक अनुसंधान में केंद्रित, चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रदान करती हैं।

# इंडोनेशिया के जंगलों में आग लगाने के आरोप में 44 लोग गिरफ्तार, सरकार का सख्त एक्शन

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई पुलिस ने जंगलों और पीटलैंड (नमी वाली भूमि) में आग लगाने के आरोप में 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आगजनी की घटनाओं के कारण वातावरण में जहरीला धुआं फैल रहा है, जिससे देश और पड़ोसी देशों में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रमुख सुहरयांतो ने बुधवार को बताया कि ये आग केवल सूखे की वजह से नहीं, बल्कि लोगों की तरफ से जानबूझकर लगाई गई है।



उन्होंने कहा, 'आशा है कि इन गिरफ्तारियों से लोगों को सबक मिलेगा और वे जमीन साफ करने के लिए आग लगाना बंद करेंगे।'

## आरोपियों को हो सकती है 10 साल की सजा

इन 44 आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। सभी को मंगलवार को रियाउ प्रांत की राजधानी पेकनबारू में मीडिया के सामने पेश किया गया। सभी को हथकड़ी पहनाई गई थी और वे नारंगी जेल की वर्दी में थे। सुहरयांतो ने कहा कि इन आरोपियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण कानून के तहत मुकदमा चलेगा, जिसमें अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है।

यह पहली बार नहीं है जब आगजनी के मामलों में लोगों को पकड़ा गया है। 2019 में भी पुलिस ने जंगल की आग से जुड़े 230 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके

रियाउ प्रांत के रोकन हिलिर और रोकन हुलु जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यहां करीब 500 हेक्टेयर (1,235 एकड़) जंगल जल चुके हैं। घना धुआं इतना फैल गया है कि दृश्यता एक किलोमीटर से भी कम रह गई है। वहीं, सरकार ने आग बुझाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। मंगलवार से रियाउ प्रांत में बादलों पर नमक डालकर कृत्रिम बारिश कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जो 25 जुलाई तक जारी रहेगी। सुहरयांतो ने आम लोगों से अपील की है कि वे आग लगाने वालों की जानकारी सरकार को दें और इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## आग लगने से अंतरराष्ट्रीय विवाद

हर साल सूखे के मौसम में सुमात्रा और बोर्नियो द्वीपों पर जंगलों में आग लगती है, जिसका धुआं सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड तक फैलता है। 2023 में इंडोनेशिया ने यह दावा किया था कि मलेशिया में फैला धुआं उसकी वजह से नहीं है, हालांकि अतीत में वह कई बार माफी मांग चुका है।

# एक कानून को दी मंजूरी और खतरे में पड़ गई जेलेंस्की की कुर्सी, लोग बोले- ये लोकतंत्र से विश्वासघात है




**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की एक नए भ्रष्टाचार विरोधी कानून को मंजूरी देने के बाद जनता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तीखी आलोचना का सामना कर रहे हैं। इस कानून के खिलाफ राजधानी कीव सहित कई शहरों में हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। यह यूक्रेन में तीन साल से चल रहे युद्ध के दौरान सरकार के खिलाफ पहला बड़ा जनविरोध माना जा रहा है।

जेलेंस्की का कहना है कि नया कानून भ्रष्टाचार के मामलों में तेजी से सजा सुनिश्चित करेगा और जांच में देरी को रोकेगा। लेकिन प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस कानून के जरिए राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एनबीएयू) और विशेष भ्रष्टाचार अभियोजक कार्यालय (एसएपीओ) जैसी स्वतंत्र एजेंसियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है।

## यूरोपीय संघ की सदस्यता पर पड़ सकता है असर

यूरोपीय संघ के नेताओं और मानवाधिकार संगठनों ने भी इस कानून की आलोचना की है। जर्मनी और यूरोपीय रक्षा आयोग ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों की स्वतंत्रता सीमित करना, यूक्रेन की ईयू सदस्यता की राह में बड़ी रुकावट बन सकता है। ईयू अधिकारियों ने यह भी कहा कि युद्ध के दौरान जनता और सरकार के बीच विश्वास बेहद जरूरी है, जिसे खोना आसान लेकिन बनाना बेहद कठिन होता है।

## कानून के विरोध में दूसरी रात भी प्रदर्शन

मंगलवार की शाम को राजधानी कीव में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और कानून को रद्द करने की मांग की। बुधवार रात फिर से सोशल मीडिया पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया। एक युद्ध में घायल पूर्व सैनिक ओलेग सिमोरोज ने कहा कि जिन्होंने संविधान की रक्षा की शपथ ली थी, वे अब अपने खास लोगों को बचाने में लगे हैं। इस बीच रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल बुधवार को इस्तांबुल में वार्ता के तीसरे दौर के लिए मिले। हालांकि, इन बातचीतों में किसी ठोस युद्धविराम की उम्मीद नहीं है। चर्चा का केंद्र कैदियों की अदला-बदली और मानवीय मुद्दे बताए जा रहे हैं।

## पारदर्शिता इंटरनेशनल ने उठाए सवाल

पारदर्शिता इंटरनेशनल की यूक्रेन शाखा ने संसद के फैसले को यूक्रेन की लोकतांत्रिक सुधारों के खिलाफ बताया है। उन्होंने इसे देश की भ्रष्टाचार विरोधी प्रणाली को तोड़ने की साजिश कहा है। संगठन ने यह भी कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के विश्वास को नुकसान पहुंचाता है।

## रूसी मीडिया ने उड़ाया मजाक

रूसी विदेश मंत्रालय ने जेलेंस्की के उस बयान का मज़ाक उड़ाया जिसमें उन्होंने कहा था कि नए कानून से 'रूसी प्रभाव' को हटाया जाएगा। रूसी प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि जेलेंस्की चाहें तो कान से दो भालू भी खींच कर निकाल सकते हैं।


# सीटीआईएल, आईआईएफटी, डीजीटीआर और सीआईआई ने निष्पक्ष व्यापार क्षमता को मज़बूत करने के लिए व्यापार उपायों और एमएसएमई पर कार्यशाला का आयोजन किया


- **कार्यशाला अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को व्यापार उपाय उपकरणों से सशक्त बनाती है**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में 15 जुलाई, 2025 को व्यापार और निवेश विधि केंद्र (सीटीआईएल), भारतीय विदेश व्यापार संस्थान द्वारा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर), वाणिज्य विभाग और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से ₹व्यापार उपचार और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमईएस): निष्पक्ष व्यापार हेतु क्षमता निर्माण₹ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमईएस) को उपलब्ध व्यापार उपचार व्यवस्थाओं के प्रति संवेदनशील बनाकर और इन प्रक्रियाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाना था।

कार्यशाला का मुख्य विषय एमएसएमईएस क्षेत्र को उपलब्ध व्यापार उपचार उपकरणों के ज्ञान से सुसज्जित करना, उनके सामने मौजूद चुनौतियों पर चर्चा को सुगम बनाना और अनुचित व्यापार प्रथाओं के विरुद्ध उनकी सुरक्षा को मजबूत करने के ठोस उपाय तलाशना था। इस कार्यशाला से प्रमुख नीति निर्माताओं, व्यापार उपचारों के अग्रणी विशेषज्ञ और विभिन्न क्षेत्रों के कई एमएसएमईएस उद्योग प्रतिनिधि केंद्रित चर्चाओं के लिए एक साथ एक मंच पर एकत्र हुए।

कार्यशाला के दौरान, वाणिज्य विभाग के व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) के संयुक्त सचिव एवं महानिदेशक, श्री सिद्धार्थ महाजन ने




व्यापार उपचार कार्यवाहियों में अपने सामूहिक हितों का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने के लिए छोटी फर्मों के एकजुट होने और संघ बनाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में दो व्यापक तकनीकी सत्र भी शामिल थे, जिन्हें विशेष रूप से व्यापार उपचार ढाँचों और एमएसएमई के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों के बारे में उद्योग की समझ बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इन सत्रों में व्यापार उपचारों के कानूनी और संस्थागत पहलुओं के साथ-साथ डेटा-संबंधी जटिलताओं पर गहन चर्चा की गई, जो अक्सर महत्वपूर्ण जाँचों में एमएसएमई की भागीदारी में बाधा डालती हैं।

सीआईआई के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति प्रभाग के प्रधान सलाहकार, श्री सुमंत चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार परिवेश की बढ़ती जटिलता और घरेलू उद्योग के समक्ष मौजूद व्यापार विकृतियों के समाधान में संस्थागत समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

व्यापार एवं निवेश विधि केंद्र के प्रमुख, प्रो. जेम्स जे. नेदुम्परा ने एमएसएमई को विभिन्न सहायता पहलों के बारे में जानकारी दी, जिनमें सीटीआईएल में व्यापार उपचार सलाहकार प्रकोष्ठ (टीआरएसी) की स्थापना भी शामिल है, जिसे व्यापार उपचार जांचों को आगे बढ़ाने में एमएसएमई को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

कार्यशाला का समापन एक सक्रिय सहभागिता सत्र के साथ हुआ, जहाँ एमएसएमई ने घरेलू उत्पादकों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए नियामक प्राधिकरणों के साथ सीधे संवाद किया। उद्योग जगत ने एंटी-डंपिंग उपायों से जुड़ी विशिष्ट चुनौतियों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ आयात प्रतिस्पर्धा बहुत ज़्यादा है।

चर्चाओं में सामूहिक रूप से समन्वित संस्थागत समर्थन और सुदृढ़ कानूनी तैयारी की महत्वपूर्ण आवश्यकता की पुष्टि की गई ताकि एमएसएमई अनुचित व्यापार प्रथाओं के विरुद्ध अपने हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर सकें। सीटीआईएल, डीजीटीआर और सीआईआई ने एक ऐसा सक्षम वातावरण बनाने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई जो एमएसएमई को भारत की व्यापार सुधार व्यवस्था में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाए।

# हरेली तिहार: छत्तीसगढ़ की हरियाली, संस्कृति और सामाजिक एकता का उल्लास

**प्रतिदिन राजधानी,धमतरी**

छत्तीसगढ़ की धरती पर जब सावन की पहली अमावस्या दस्तक देती है, तो प्रकृति के हर कोने में हरियाली की गूंज सुनाई देने लगती है। इसी उल्लास और जीवंतता का प्रतीक है 'हरेली तिहार', जो न केवल कृषि जीवन का उत्सव है, बल्कि छत्तीसगढ़ की गहराई से जुड़ी संस्कृति, परंपरा और लोकचेतना की झलक भी है। धमतरी जिले में खासकर ग्रामीण इलाकों में यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता है ।'



**हरेली: हरियाली का पर्व, आत्मा की ताजगी**

'हरेली' शब्द स्वयं में ही हरियाली का संदेश समेटे है। यह त्यौहार केवल प्रकृति की पूजा नहीं है, बल्कि उस श्रम का उत्सव है जो किसान खेतों में दिन-रात पसीना बहाकर रचता है। हरेली एक प्रतीक हैकृधरा और मानव के बीच उस अटूट संबंध का, जो भूमि को माता और हल को भगवान का दर्जा देता है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन में रचा-बसा पर्व है, जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। यह त्यौहार उस समय आता है, जब खेतों में बीज बो दिए जाते हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी वर्षा की प्रार्थना करता है।

**धार्मिक आस्था और लोक परंपरा का मिलन**

हरेली केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक परंपरा का जीवंत रूप है। इस दिन हल, गैंती, कुदाल जैसे कृषि औजारों की पूजा की जाती है। किसान इन्हें सजाकर धूप-दीप दिखाते हैं। यह कर्म न केवल प्रकृति और औजारों के प्रति श्रद्धा को दर्शाता है, बल्कि जीवन की बुनियादी विनम्रता को भी प्रकट करता है। गौरी-गौरा की पूजा, महिलाएं पारंपरिक गीतों और पकवानों के साथ करती हैं, जिसमें मातृशक्ति की पूजा और पारिवारिक समरसता की कामना समाहित होती है। प्रकृति संरक्षण का लोक संदेश

हरेली तिहार केवल धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि यह पर्यावरण चेतना का भी प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा की गई 'एक पेड़ माँ के नाम' अपील, इस त्यौहार को हरियाली के प्रतीक से आगे बढ़ाकर हरित क्रांति के संकल्प से जोड़ती है। जब बच्चा अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाता है, तो वह न केवल वृक्षारोपण करता है, बल्कि प्रकृति और संबंधों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाता है। यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और स्थायी धरोहर छोड़ने जैसा है।

**खेल, पकवान और उल्लास**

हरेली तिहार का सबसे रंगीन पहलू हैकृगांव-गांव में गूंजते पारंपरिक खेल और व्यंजन। गेंड़ी चढ़ना, बच्चों और युवाओं के लिए है। खो-खो, जैसे खेल गांव की मिट्टी से जुड़ी ऊर्जा को पुन: जीवित करते हैं। वहीं, रसोई घरों से आती चीला, खुरमी, फरहा, बबरा और ठेठरी की खुशबू न केवल स्वाद को जगाती है, बल्कि घर के भीतर प्रेम और सामूहिकता की भावना को गाढ़ा करती है।

## 900 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 28 को

**प्रतिदिन राजधानी,धमतरी**

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कुल 900 पदों पर भर्ती के लिए आगामी 28 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत नगरी में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, लेबर, बीमा सखी, ग्रामीण कैरियर एजेंट, शहरी कैरियर एजेंट, सामान्य एजेंट आदि की भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे योग्यताएं पांचवीं, आठवीं, की हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित स्थान एवं तिथि पर उपस्थित होना होगा।

## कलेक्टर ने किया जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**प्रतिदिन राजधानी,मुंगेली**

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति एवं विलंब पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया और कहा कि उपस्थिति में पारदर्शिता और नियमितता आवश्यक है।



निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में बिना सूचना के कार्यालयीन समय में अनुपस्थित पाए गए, इनमें जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक ओ.पी. कौशिक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ सहित सहायक परियोजना समन्वयक, प्रोगामर, सहायक ग्रेड 03 व 02, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक व प्रबंधक, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक और कम्प्यूटर ऑपरेटर के बिना सूचना के कार्यालयीन समय में अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं समग्र शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत प्रोग्रामर शशिभूषण पांडेय द्वारा गैरहाजिर रहने के बावजूद उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए कलेक्टर ने उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारी को सेवा से पृथक करने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनुशासन का कड़ाई से पालन करने और कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्य के प्रति गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## धमतरी की श्रम अन्न सहायता योजना की प्रेरणादायक मिसाल

**प्रतिदिन राजधानी,धमतरी**

हर सुबह जब धमतरी की धरती पर सूर्य की पहली किरणें बिखरती हैं, तब उनके साथ एक नई उम्मीद भी जन्म लेती है- खासकर उनके लिए जो दिन-रात की मेहनत से दो वक्त की रोटी जुटाने में लगे हैं। इस उम्मीद को एक ठोस शक्ल दी है श्रम विभाग द्वारा शुरू की गई शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना ने, जिसके अंतर्गत मात्र ?5 में श्रमिकों को पौष्टिक और स्वादिष्ट थाली मिल रही है। यह योजना केवल भूख मिटाने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और गरिमा के साथ भोजन प्राप्त करने का अधिकार भी बन गई है।



कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की संवेदनशील पहल पर धमतरी में योजना का विस्तार किया गया है। उन्होंने हाल ही में श्यामतराई स्थित सब्ज़ी मंडी में नए श्रम अन्न भोजनालय खोलने के निर्देश दिए, जिसे श्रम विभाग ने त्वरित क्रियान्वयन के साथ आज प्रारंभ कर दिया। अब धमतरी शहर में कुल तीन श्रम अन्न भोजनालय संचालित हो रहे हैं: यह प्रयास न सिर्फ श्रमिकों को सुलभ भोजन प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें गरिमा के साथ भोजन करने का अवसर भी दे रहा है। मकई गार्डन स्थित भोजनालय के समस्या सामने आई दृ खुले में धूप और बारिश के कारण भोजन करना मुश्किल हो जाता था। कभी चिलचिलाती गर्मी, तो कभी अचानक बारिश में अधूरा भोजन छोड़ना पड़ता था।

## ग्रामीण इलाकों में दी जा रही शुद्ध पेयजल के उपयोग सहित जल जनित बीमारियों से बचाव सम्बन्धी जानकारी




**प्रतिदिन राजधानी, जगदलपुर**

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण इलाकों में जल जनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार के लिए जनजागरूकता निर्मित करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति सजगता बरतने सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने और बुखार-मलेरिया या उल्टी-दस्त से पीड़ित होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच एवं उपचार करवाने की समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही जल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन एवं अन्य जल स्त्रोतों को ब्लीचिंग पावडर से अनिवार्य रूप से शुद्धिकरण करवाने अवगत कराया जा रहा है। वहीं जल संरक्षण की दिशा में जल स्त्रोतों के समीप सोख्ता पिट निर्मित करने की समझाइश ग्रामीणों को दी जा रही है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर एचएस मरकाम ने इस बारे में बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में जाकर डायरिया से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। साथ ही जल संरक्षण एवं परीक्षण संबंधी जानकारी दी जा रही है और जल परीक्षण करने हेतु किट का भी वितरण किया जा रहा है। किट के माध्यम से पानी की शुद्धता का जांच अपने स्थान पर रहकर ही किया जा सकता है तथा गंदे पानी के उपयोग से बचा जा सकता है। इसके साथ ही लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं वातावरण की स्वच्छता का महत्व भी अन्य दिवस जगदलपुर विकासखण्ड के ग्राम उलनार में ग्रामीणों को जल जनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार के लिए जनजागरूकता सम्बन्धी जानकारी दी गई। वहीं जल संरक्षण एवं परीक्षण संबंधी जानकारी देने सहित जल परीक्षण करने हेतु किट का भी वितरण किया गया।

## युवक पीएम आवास योजना में पहले से सर्वेक्षित

**प्रतिदिन राजधानी, धमतरी**

कलेक्ट्रेट परिसर में आज एक युवक द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया गया, जिसे सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से तत्काल रोका गया। युवक की पहचान ग्राम पंचायत डोमा, विकासखंड धमतरी निवासी करण सोनवानी के रूप में हुई है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास न मिलने से असंतुष्ट बताया गया।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि करण सोनवानी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के आवास प्लस सर्वे 2.0 में सम्मिलित किया जा चुका है। इनका आईडी-93358481 में नाम दर्ज है ।चेकर सॉफ्टवेयर रेमडली चेक करता है ।जिसके कारण उन्हें भ्रम की स्थिति हुई। जबकि इनका नाम सर्वे सूची में है ।वर्तमान में जिले में कुल 84,439 हितग्राहियों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें से 26,923 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य प्रगति पर है। यह सत्यापन कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा, 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाएगा। 'तपश्चात् आवास प्लस 2.0 में पात्र परिवारों का आवास प्रदाय करने की प्रक्रिया कार्याधीन है, तत्समय में स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण होने पर अनुमोदन उपरांत आवास लक्ष्य के अनुसार प्राथमिकता क्रमानुसार आवास स्वीकृति किया जावेगा।'

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन उपरांत पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शीघ्र ही प्रदान किया जाएगा। प्रशासन सभी पात्र लोगों को योजना से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अभिनाश मिश्रा ने नागरिकों से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता से मिलेगा। हम हर शिकायत, समस्या पर

## गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु बैठक लेकर सभी विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी निर्धारित कर कर्तव्यों का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है। आजादी के पर्व के दौरान 15 अगस्त को शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्रध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ ध्वज फहराया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह कोरबा नगरीय क्षेत्र के फुटबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व में आयोजित होगा। 15 अगस्त को समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय संस्थाओं में प्रात: 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण एवं सलामी कार्यक्रम के प्रभारी पुलिस अधीक्षक होंगे। जिसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष व महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष व महिला दल भाग लेंगे। स्वतंत्रता दिवस आयोजन का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को प्रात: 9 बजे किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सम्पूर्ण प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी व परियोजना अधिकारी राजीव गांधी शिक्षा मिशन होंगे। फुटबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व की ग्राउण्ड व्यवस्था, साफ-सफाई, शामियाना, माईक व्यवस्था, कुर्सी, सोफा सेट, गमले, व्हीआईपी हेतु पेय जल व्यवस्था, ध्वजारोहण, मंच की साज सज्जा, गुब्बारे झण्डे आदि की व्यवस्था नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किया जायेगा। झंडे हेतु खम्भे एवं आवागमन हेतु बेरीकेडिंग लगाने लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। बांस-बल्ली हेतु व्यवस्था की देखरेख अनुविभागाय अधिकारी विद्युत/यांत्रिकी विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल में निर्बाध गति से विद्युत व्यवस्था का संचालन कार्यपालन अभियंता वितरण सीएसईबी शहर संभाग कोरबा की होगी।



## प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश-प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की द्वितीय काउंसिलिंग 28 को

**प्रतिदिन राजधानी, धमतरी**

शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट http://eklavya .cg.nic.in पर अपलोड किया गया है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार द्वितीय काउंसिलिंग 28 जुलाई को राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिका और अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिका का काउंसिलिंग किया जाएगा। उक्त काउंसिलिंग सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

सहायक आयुक्त ने बताया कि काउंसिलिंग स्थल में विद्यार्थियों को एक घंटे पूर्व पहुंचना होगा। विद्यार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कक्षा आठवीं की अंकसूची, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है, तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र आदि की मूल एवं सत्यापित छायाप्रति तथा काउंसिलिंग फॉर्म के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसिलिंग फॉर्म एवं योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

## बीएससी कृषि की रिक्त सीटें 12वीं परिणाम के आधार पर भरी जाएंगी

**प्रतिदिन राजधानी**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में द्वितीय चरण की काउंसलिंग (स्पॉट काउंसलिंग) के पश्चात रिक्त सीटों पर 12वीं परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस अवधि में पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के तहत प्रावीण्यता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा । इसी प्रकार निजी महाविद्यालयों में प्रबंधन सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते है। बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में उपलब्ध कुल 2015 सीटों में अब तक 1348 सीटों पर प्रवेश दिया जा चुका है तथा 667 सीटें रिक्त हैं।

उल्लेखनीय है कि नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। काउंसलिंग के द्वितीय चरण में स्पॉट काउंसलिग आज से प्रारंभ हुई है जो कल 23 जुलाई तक चलेगी। स्पॉट काउंसलिंग के दौरान विभिन्न कृषि महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर उपलब्धता के आधार पर दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत तत्काल फीस जमा कर प्रवेश दिया जा रहा है। 25 जुलाई को विभिन्न महाविद्यालयों में शेष सीटों का कन्वर्शन किया जाएगा। कन्वर्शन काउंसलिंग हेतु प्रोविजनल सीट, महाविद्यालय आबंटन, तत्काल दस्तावेज एवं ऑनलाईन फीस जमा करने हेतु अभ्यर्थियों को कृषि महाविद्यालय रायपुर में 25 जुलाई को उपस्थित होना पड़ेगा। बारहवीं के परीक्षा परिणामों के आधार पर रिक्त सीटों मे प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर 26 जुलाई को रात्रि 11:30 बजे तक ऑनलाईन पंजीयन कराया जा सकता है। असफल फीस ट्रांजेक्शन वाले अभ्यर्थी 27 जुलाई को पुन: फीस जमा कर सकते हैं। ऑफलाईन दस्तावेजों का सत्यापन कृषि महाविद्यालय रायपुर में 28 एवं 29 जुलाई को किया जाएगा। 30 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची अपलोड की जाएगी। 31 जुलाई से 2 अगस्त तक अभ्यर्थियों को सीट आबंटन तथा फीस जमा करने के लिए कृषि महाविद्यालय रायपुर में उपस्थित होना होगा। काउंसिलिंग संबंधित दिशा-निर्देशों की अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.igkv.ac.in का अवलोकन कर सकते हैं।

## लखपति दीदी नीलम सोनी: स्वाद, संस्कृति और सशक्तिकरण की एक प्रेरक कहानी

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

कहते हैं परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, अगर इरादे मजबूत हों तो हर मुश्किल राह आसान बन जाती है। जिले की श्रीमती नीलम सोनी ने यह साबित कर दिखाया कि अगर जुनून हो तो साधारण सी जिंदगी भी एक असाधारण मिसाल बन सकती है। घरेलू जिम्मेदारियों में बंधकर बैठने के बजाय उन्होंने बदलाव को चुनाकृखुद के लिए, अपने परिवार के लिए और उन सैकड़ों महिलाओं के लिए जो कभी समाज की सीमाओं में सिमटी थीं। चुनौतियों से लड़कर उन्होंने न सिर्फ अपना आर्थिक और सामाजिक कद ऊँचा किया, बल्कि दूसरों के जीवन में भी उम्मीद की किरण जगाई। आज वे केवल एक सफल उद्यमी ही नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक प्रतीक बन चुकी हैं। कोरबा जिले के कटघोरा में रहने वाली श्रीमती सोनी के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पति अकेले कमाने वाले थे और घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। अपने बच्चों के भविष्य और अपने आत्मसम्मान के लिए नीलम ने ठान लिया कि कुछ करना है। उन्होंने अपनी बेटी 'श्रिया' के नाम पर 'श्रिया स्व-सहायता समूह' से जुड़कर अपनी नई यात्रा की शुरुआत की। यही वह मोड़ था जहाँ से उन्होंने अपने जीवन को नए रंगों से रंगना शुरू किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित 'बिहान' योजना से जुड़कर श्रीमती नीलम सोनी को एक नई दिशा और पहचान मिली। उन्होंने शासन की सहायता से छह लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया।



## औद्योगिक प्रतिष्ठान प्रतिवर्ष आईटी कॉलेज कोरबा के 10-10 विद्यार्थियों को दें रोजगार: कलेक्टर

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

संस्था के संचालन हेतु बालको को इस वित्तीय वर्ष 2 करोड़ की सहायता व सभी प्रतिष्ठानों को प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने के दिए निर्देश आईटी कॉलेज कोरबा के सुचारू व निर्बाध संचालन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की हुई बैठक संस्थान की चुनौतियाँ, संचालन से जुड़ी आवश्यकताओं और भविष्य की कार्ययोजना पर हुई चर्चा

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कोरबा के सुचारू एवं निर्बाध संचालन के लिए जिले के प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर मनोज बंजारे सहित एनटीपीसी, सीएसईबी, बालको, एसईसीएल कोरबा एवं अडानी इंडस्ट्रीज एवं आईटी कॉलेज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में आईटी कोरबा की वर्तमान वित्तीय स्थिति, संस्थान की चुनौतियाँ, संचालन से जुड़ी आवश्यकताओं और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।



कलेक्टर ने कहा कि संस्थान गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है, जिससे कर्मचारियों के वेतन, संचालन व्यय एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने संस्थान को इस संकट से उबारने हेतु सभी औद्योगिक उपक्रमों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। जिससे कॉलेज का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर वसंत ने बालको को चालू वित्तीय वर्ष में संस्था को न्यूनतम 2 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके लिए बालको बोर्ड की मीटिंग में प्रस्ताव रखकर कर स्वीकृति लेने के लिए कहा। साथ ही अन्य सभी औद्योगिक संस्थानों को भी आईटी कोरबा के संचालन में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने के निर्देश दिए।

## आज पाट जात्रा पूजा विधान के साथ शुरू होगी विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व

**प्रतिदिन राजधानी, जगदलपुर**

बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में कल गुरुवार को हरेली अमावस्या के मौके पर पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरुआत होगी। इस दौरान पारम्परिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार बनाने ठुरलू खोटला रस्म अदा करेंगे। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति द्वारा मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादारों सहित गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों को उपस्थित होकर पाट जात्रा पूजा विधान में शामिल होने का आग्रह किया गया है। जात्रा पूजा विधान के साथ ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस 75 दिवसीय ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में शुक्रवार 05 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, रविवार 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, सोमवार 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, मंगलवार 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित बुधवार 24 सितम्बर से सोमवार 29 सितम्बर 2025 तक निशा जात्रा पूजा विधान, बुधवार 01 विधान, शनिवार 04 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा।



# मुख्यमंत्री साय की मंशा के अनुसार राज्य की जनता को मिले बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं- मंत्री जायसवाल

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में सीजीएमएससीएल की समीक्षा बैठक का आयोजन

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आज नया रायपुर के सेक्टर 27 में स्थित स्वास्थ्य विभाग के उपक्रम सीजीएमएससीएल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के और सचिव स्वास्थ्य सेवाएं अमित कटारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रबंध संचालक मती पद्मिनी भोई ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सीजीएमएससी की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा है कि राज्य की जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इस दौरान उन्होंने पारदर्शिता दिखाने के उद्देश्य से



सीजीएमएससी की नई वेबसाइट को रिमोट का बटन दबाकर लॉन्च किया।

उन्होंने निर्देशित किया कि जहां भी कोई बाधा हो, उसे शीघ्र दूर किया जाए। मंत्री ने कहा कि ब्रांडेड और गुणवत्ता वाली दवाइयों की खरीदी की जाए तथा दवाइयों की आपूर्ति सुचारु और समयबद्ध हो।

उन्होंने कहा कि सीजीएमएससी स्वास्थ्य विभाग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिसके माध्यम से प्रदेश के तीन करोड़ लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इसीलिए इसके उपकरण और दवाइयों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माण कार्यों और खरीदी प्रक्रिया को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सीजीएमएससी स्वास्थ्य सेवाओं का अभिन्न हिस्सा है और इसके बिना विभाग का काम अधूरा है। उन्होंने कार्यों में प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से शामिल करने की बात कही जिससे कार्य की गुणवत्ता में और सुधार लाया जा सके।

बैठक के बाद अध्यक्ष दीपक म्हस्के ने कहा कि आज की समीक्षा बैठक बहुत ही उपयोगी रही। यह तय किया गया है कि आगे और बेहतर तरीके से काम कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध रूप से कार्य करते हुए इसे आगे बढ़ाना है। साथ ही, पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से एक नई वेबसाइट तैयार की गई है, जिसमें विभाग की सभी जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि यह उपक्रम लगातार बेहतर कार्य कर रहा है और आने वाले समय में इसके कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

समीक्षा बैठक में सीजीएमएससी के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## खराब सर्जिकल ब्लेड को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क, वापस मंगाए गए उत्पाद

रायपुर, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश तथा सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के की पहल पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जन के हित में शिकायत मिलते ही आवश्यक कदम उठाते हुए खराब गुणवत्ता वाले सर्जिकल ब्लेड को मेडिकल कॉलेजों तथा शासकीय अस्पताओं से वापस मंगवाया है। सर्जिकल ब्लेड साइज 22 , बैच नंबर जी 409 के उत्पाद उपयोग के अयोग्य पाए गए, जिसके बाद सीजीएमएससी ने यह कार्रवाई की है। राज्य के विभिन्न अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में वितरित इन सर्जिकल ब्लेड्स में जंग लगे होने की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई थी। इसे ऑपरेशन थिएटर में इस्तेमाल करने से मरीनों में सेप्टिक होने का खतरा था।

इसके बाद सभी संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी कर इस उत्पाद को उपयोग से हटाने एवं वापस करने को कहा गया है। सीजीएमएससी ने जानकारी दी है कि संबंधित फर्म पुराने बैच के सर्जिकल ब्लेड के बदले नए बैच की आपूर्ति सभी अस्पतालों में की जाएगी। शासन द्वारा उठाया गया यह कदम जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिलती रहे।



## शारदा नारायणन ने मिसेज़ क्लासीक ग्लोब जनता की पसंद पुरस्कार 2025 जीता

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

भारत, 22 जुलाई 2025 भारत की फैशन बिज़नेसवुमन और समाजसेवी शारदा नारायणन ने अंतरराष्ट्रीय मिसेज़ क्लासीक ग्लोब0 ङ्क जनता की पसंद (चॉइस ऑफ़ द पीपल) पुरस्कार 2025 जीता। यह पुरस्कार पूरी दुनिया के लोगों द्वारा मतदान (वोटिंग) के बाद दिया गया। यह प्रतियोगिता 21 जून को पाम स्प्रिंग्स, कैलिफ़ोर्निया स्थित वेस्टिन रैंचो मिराज गोल्फ़ रिज़ॉर्ट और स्पा में आयोजित की गई थी। जनता की पसंद पुरस्कार उस प्रतिभागी को मिलता है जिसकी बातों, कहानी और मकसद से लोग सबसे ज़्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। शारदा की सच्चाई, आत्मविश्वास और साफ़ सोच ने उन्हें सभी का फेवरेट बना दिया। यह ताज केवल एक सजावट नहीं है, यह मेहनत, उद्देश्य और अपनी यात्रा को अपनाने की पहचान है, शारदा नारायणन ने कहा, जो यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। यह इस बात का प्रमाण है कि अगर आप अपने मूल्यों और सपनों से जुड़े रहते हैं, तो जीवन चाहे जैसे मोड़ ले, आप आगे बढ़ ही जाते हैं।शारदा पहले एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं, आर्मी अफसर की पत्नी हैं, दो बच्चों की माँ हैं और ऐसे ब्रांड शुरू किए हैं जो किसी अच्छे मकसद से जुड़े हैं। वो कई सालों से महिलाओं की सेहत, आगे बढ़ने और खुद को मजबूत बनाने से जुड़े काम करती रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिनिधियों में शारदा को प्रारंभिक चरण में पारिवारिक मूल्य पुरस्कार (फ़ैमिली वैल्यूज़ अवॉर्ड) भी मिला। यह सम्मान उन्हें उनके पारिवारिक संतुलन, ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भावना के लिए दिया गया। उन्होंने कहा, पारिवारिक मूल्यों के लिए पहचाना जाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं चाहे माँ हूँ, व्यवसायी या मार्गदर्शक, हर भूमिका में मेरी कोशिश यही रहती है कि मैं ताक़त, दया और ईमानदारी की एक मजबूत नींव तैयार कर सकूं। यह पुरस्कार उसी सोच की सराहना है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में 30 से अधिक देशों की महिलाएं शामिल हुईं, जो जीवन के अनुभव, संघर्ष और सेवा भावना का प्रतिनिधित्व करती थीं। शारदा अपनी गरिमा, समाज के प्रति प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक जुड़ाव के कारण अलग नज़र आईं।

उन्होंने कहा, दुनिया भर के लोगों द्वारा केवल सुंदरता ही नहीं, मेरे उद्देश्य में विश्वास दिखाते हुए मतदान किया जाना बहुत सम्मान की बात है। यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है, बल्कि हर उस महिला की जीत है जिसने कभी चुप न रहकर अपनी आवाज़ उठाई और बदलाव लाया। मेरी कहानी हर महिला को याद दिलाए कि खुद को फिर से खड़ा करने या नया सफ़र शुरू करने में कभी देर नहीं होती। शारदा एक फ़ैशन डिज़ाइनर हैं और उनका बुटीक मेटामॉर्फोसिस के नाम से जाना जाता है। साथ ही वह वीर्या ट्रस्ट नाम की एक सामाजिक संस्था (ह्लह्ल) की संस्थापक हैं, जो ज़रूरतमंद महिलाओं को प्रशिक्षण और रोज़गार के अवसर देकर सशक्त बनाती है। रचनात्मकता (क्रिएटिविटी) और सामाजिक प्रभाव (सोशल इम्पैक्ट) को साथ लाने की उनकी कोशिश को काफी सराहा गया।मिसेज़ इंडिया ग्लोब 2017 की राष्ट्रीय निदेशक वीना जैन, जिन्होंने शारदा का मार्गदर्शन किया, ने कहा-शारदा वह सब गुण रखती हैं जो प्रेरणा देने वाले होते हैं-संयमित, आत्मविश्वासी, सामाजिक रूप से जुड़ी हुई और सशक्तिकरण का प्रतीक। इन्हीं कारणों



## सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए एम्स में तत्काल पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया पॉवर कंपनी ने

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में तत्काल पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत सप्लाई की आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था की। कैंपस में कठिन परिस्थिति में लगे खराब हुए इंडोर पॉवर ट्रांसफार्मर को निकालकर अस्थायी तौर पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे एम्स के सभी परिसरों में निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। दरअसल एम्स रायपुर अतिविशिष्ट संस्थान है, जहां नागरिकों की चिकित्सा संबंधी अतिआवश्यक सेवाएं होती हैं। इसलिए एम्स में उच्चदाब लाइन के जरिए सीधे 33/11 केवी की पॉवर सप्लाई की गई है। उच्चदाब उपभोक्ता होने के कारण एम्स हास्पिटल प्रबंधन नियमानुसार अपने कैंपस में पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना से लेकर उसके रखरखाव स्वयं करना होता है। वर्तमान में वहां 10-10 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित हैं, जिनमें से एक 10 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया,जिससे पूरा लोड एक ही पॉवर ट्रांसफार्मर पर आ गया। लोड बढ़ने से इसके फेल होने का खतरा था, इसलिए हास्पिटल के अतिआवश्यक सेवा की प्रकृति को देखते हुए एम्स प्रबंधन ने बैकअप के लिये 5 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने का आग्रह पॉवर कंपनी से किया। उनके आग्रह पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने त्वरित निर्णय लिया और उनके आग्रह पर 5 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर कुछ दिनों के लिए स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की, ताकि एम्स में नागरिकों के इलाज सहित आपातकालीन सुविधाओं पर किसी तरह की रूकावट न आए। पॉवर कंपनी की टीम ने तीन दिनों के भीतर एम्स के निचले तल पर रखे पॉवर ट्रांसफार्मर को निकालने पहले दीवार को तोड़ा फिर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बैकअप सिस्टम बनाया गया। एम्स प्रबंधन को अपना पॉवर ट्रांसफार्मर बनवाने में चार महीने का समय लगेगा, तब तक बैकअप विद्युत आपूर्ति रेंट बेसिस पर पॉवर कंपनी के ट्रांसफार्मर से होगी। उसके बाद यह पॉवर ट्रांसफार्मर वापस किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने मुख्य अभियंता (शहरी क्षेत्र) श्री एम जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री महेश ठाकुर, कार्यपालन अभियंता राजेश प्रसाद मिश्रा, शिवकुमार गुप्ता, रामकुमार साहू सहित टीम को बधाई दी है।

## 'हरेली'' पर डॉ. रमन सिंह का संदेश.

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की सभ्यता और लोक संस्कृति पर केन्द्रित लोकपर्व ''हरेली'' पर प्रदेश वासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं । अपने शुभकामना संदेश में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-हरेली हरियाली, खुशहाली और प्रेम का पर्व है। अच्छी फसल की कामना के साथ प्रकृति की पूजा ही इस पर्व की विशेषता है। यह पर्व प्रकृति को संस्कृति से जोड़ता है ।

# सीआरपीएफ की 170वीं बटालियन ने ग्रामीणों में जगाया सुरक्षा का भाव, बांटे रेडियो सेट

**जतिन नचरानी**

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 170 बटलियन ने 23 जुलाई 2025 को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के वाटेबागू थाना क्षेत्र में एक सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय कमान अधिकारी विनोद रावत के मार्गदर्शन और सहायक कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव जगाना, केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और ग्रामीणों व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना था।

कार्यक्रम में वी/170 और ई/170 बटलियनों ने ग्रामीणों को रेडियो सेट वितरित किए, ताकि वे सूचनाओं



और जागरूकता से जुड़े रहें, विशेष रूप से %मन की बात% जैसे कार्यक्रमों को सुन सकें। इसके साथ ही, ग्रामीणों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई और दवाइयाँ वितरित की गईं। ग्रामीणों के लिए दोपहर भोज की व्यवस्था भी की गई, जिससे समुदाय के साथ आत्मीय संबंध स्थापित हुए।

विनोद रावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और देश की एकता व अखंडता में उनकी भूमिका पर प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा, सीआरपीएफ ग्रामीणों की सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। हम स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार के साथ मिलकर सुरक्षा शिविर, जन सुविधा केंद्र, सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने ग्रामीणों से नक्सलियों के बहकावे में न आने, बच्चों को शिक्षा दिलाने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर देश के विकास में भागीदार बनने की अपील की।

कार्यक्रम में गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और नक्सल समस्या के खात्मे में सीआरपीएफ व पुलिस प्रशासन का हरसंभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। यह कार्यक्रम न केवल ग्रामीणों के बीच विश्वास बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि क्षेत्र में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# जनस्वास्थ्य के हित में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा बैठक

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आज छत्तीसगढ़ के समस्त सहायक औषधि नियंत्रकों, औषधि निरीक्षकों, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्री अमित कटारिया , नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दीपक अग्रवाल तथा सभी जिलों के सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि निरीक्षक, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही में विभाग द्वारा की गई कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जनसामान्य को सुदूर क्षेत्रों में भी रक्त की सुविधा सुलभ हो, इसके लिए राज्य के समस्त ब्लड सेंटर्स और ब्लड स्टोरेज यूनिट्स को शीघ्र संचालन की दिशा में ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

युवावर्ग को नशे की लत से बचाने की दिशा में नशीली दवाइयों के विरुद्ध कड़ी और सतत निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई



करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश में औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक नमूने संकलित करने को कहा गया, ताकि नकली या घटिया दवाइयों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि राज्य में संचालित चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से अधिक से अधिक खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच की जाए। इसके साथ ही जनसामान्य को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने की दिशा में नियमित अभियान चलाया जाए। सभी जिला अस्पतालों में संचालित कैंटीनों को प्रशिक्षण देकर %ईट-राइट कैंपस% के अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे मरीजों को स्वच्छ और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

बैठक में यह भी कहा गया कि अधिकाधिक खाद्य कारोबारकर्ताओं को फास्टेक प्रशिक्षण देकर उन्हें खाद्य सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया जाए।

आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्य एवं राज्य के बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सतत निगरानी रखने, नमूना परीक्षण करने तथा नियमों के अनुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड हुआ

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम अधिकृत रूप से बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड कर दिया गया है। यह नाम परिवर्तन भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से अनुमोदन के बाद कल प्रभावी हुआ है।

जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड करने की मुख्य वजह यह है कि कंपनी सिर्फ अपने मुख्य काम, यानी स्टील उत्पादन पर अधिक ध्यान देने और भविष्य में एक मज़बूत स्टील कंपनी के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए नाम से कंपनी को देश और विदेश, दोनों जगह अपनी पहचान साफ़ तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। साथ ही, कंपनी अपनी पुरानी पहचान और मूल्यों को भी बनाए रखेगी। यह परिवर्तन कंपनी (इनकॉरपोरेशन) नियम-2014 के नियम-29 के अनुसार किया गया है । इसकी पुष्टि के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा नए नाम को दर्शाने वाला इनकॉरपोरेशन प्रमाणपत्र जारी किया गया है। कंपनी की कॉरपोरेट पहचान संख्या या इसके पंजीकृत कार्यालय के पते में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पंजीकृत कार्यालय का पता जिन्दल स्टील लिमिटेड, ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार - 125005, हरियाणा (भारत) ही रहेगा

जिन्दल स्टील का नाम भले ही बदल गया हो, लेकिन यह पहले की तरह ही एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी रहेगी, जिसके शेयरों की खरीद-बिक्री लोग कर सकेंगे । कंपनी के जितने भी पुराने अधिकार, जिम्मेदारियां, लेन-देन और करार हैं, वे सब वैसे के वैसे रहेंगे और पूरी तरह से लागू होंगे । इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। कंपनी ने इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समस्त शेयरधारकों, भागीदारों और आम नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया है। कंपनी ने जानकारी दी है कि नाम परिवर्तन के सिलसिले में सभी स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य वैधानिक प्राधिकरणों को अवगत कराया गया है।

**जिन्दल स्टील के बारे में**

जिन्दल स्टील एक बड़ी औद्योगिक कंपनी है, जो स्टील उत्पादन, खनन और इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य कर रही है। इस कंपनी ने पूरी दुनिया में 12 अरब डॉलर (लगभग 1 लाख करोड़ रुपये) का निवेश किया है ।

अंग्रेजी

## पेड़-पौधे प्रकृति की आभूषण, मां के नाम पौधरोपण कर करें हरियाली का विस्तार: मंत्री देवांगन

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान बना जन आंदोलन, पर्यावरण संरक्षण को मिल रही नई दिशा : कैबिनेट मंत्री देवांगन

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में तेंदूपत्ता महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरण व एक पेड़ मां के नाम 2.0 वनमहोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा मे किया गया । कार्यक्रम में मंत्री देवांगन सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं आमजनो को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर सहभागिता निभाने एवं अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति के आभूषण है।



इनका संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक अभियान एक पेड़ माँ के नाम को अब देश-प्रदेश में जनआंदोलन के रूप में पहचान मिल रही है। इस पहल के अंतर्गत लोगों को अपने मातृत्व भाव के प्रतीक स्वरूप एक पेड़ लगाने व हरियाली का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंत्री देवांगन ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने का माध्यम है, बल्कि इसमें मां के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का सुंदर समन्वय है। इस हेतु हम सभी को वृहद स्तर पर पौध रोपण कर इस अभियान को सफल बनाना है।

कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ चरण पादुका योजना का पुन: संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम में वनों के विषम परिस्थितियों में तेंदूपत्ता जैसे अनेक वनोपजों का संग्रहण करने वाली महिलाओं को चरण पादुका प्रदान किया जा रहा है। देवांगन ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी के तहत की गई वादों को पूरा करने का कार्य किया है। सरकार गठन के साथ ही 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति, 2 साल के धान का बकाया बोनस , 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता, 5500 रुपए मानक बोरा में तेंदूपत्ता की खरीदी कर हितग्राहियों को लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हित मे लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर विकास की नई ऊंचाईयों में पहुचाने का काम कर रही है। महिलाओं को चरण पादुका पहनाकर बढ़ाया मान, वनोपज संग्राहकों को मिल रहा शासन का साथइस दौरान मंत्री देवांगन ने चरण पादुका वितरण योजना के तहत तेंदूपत्ता महिला संग्राहकों को चरण पादुका पहनाकर उनका मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत लगभग 64 हजार महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरित किया जाएगा। विधायक कटघोरा पटेल ने कहा कि प्रकृति को मां के रूप में देखने का भाव हमारे संस्कारों में रहा है।

जब हम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाते हैं, तो यह केवल एक पौधरोपण नहीं होता, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आमजन बढ़ चढ़ कर सामाजिक दायित्व के साथ अपने आस पास पौधरोपण कर रहे है।

## डॉ. सारस्वत पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

/राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा प्रोफेसर डॉ. विरेन्द्र कुमार सारस्वत को पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर, का कुलपति नियुक्त किया गया है।



राज्यपाल द्वारा उनकी नियुक्ति पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय अधिनियम, 2004 (संशोधन अधिनियम, 2006, 2010 एवं 2019) की धारा 9(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। डॉ. सारस्वत का कार्यकाल, परिलब्धियां तथा सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। वर्तमान में डॉ. सारस्वत, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. CODE स्कैन करें।
हरियाली अउ खुशहाली के तिहार
मिला बकाया धान बोनस
12 लाख किसानों के खाते में पहुंचे 3716 करोड़ रुपए
किसान क्रेडिट कार्ड
सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को खाद-बीज की खरीद के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लोन
धान का तत्काल भुगतान
किसानों को 34 हजार 500 करोड़ रुपये के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान
कृषक उन्नति योजना
25 लाख 54 हजार किसानों को अंतर की राशि 12 हजार करोड़ रुपए का एकमुश्त अंतरण
कृषि लागत सहयोग
बीते डेढ़ वर्ष में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की राशि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खाते में अंतरित
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
विगत डेढ़ वर्षों में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजनांतर्गत लाभार्थियों में शामिल हुए 4.60 लाख से अधिक किसान
जम्मो छत्तीसगढ़िया मन ल
हरेली तिहार
के गाड़ा- गाड़ा बधई
24 जुलाई, 2025
सुशासन से समृद्धि की ओर...